तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 14 मई 2024

12 सोसायटियों से पूरा धान उठा ले गए मिलर, चावल आधा जमा

बारहवीं में श्रुति अग्रवाल के सर्वोच्च अंक 98.40 और दसवीं में तीन विद्यार्थियों ने पाए 98.4 प्रतिशत अंक

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में औसत रिजल्ट 87.68 %, पिछले साल से 3 फीसदी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीबीएसई बारहवीं और दसवीं बोर्ड का रिजल्ट सोमवार को घोषित हुआ। शिक्षाधानी भिलाई के विद्यार्थियों ने फिर से अपनी प्रतिभा दिखाई है। बारहवीं में इस वर्ष यानी 2024 में 7 हजार 988 और दसवीं में10 हजार 122 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। बारहवीं और दसवीं का औसत रिजल्ट 87.68 फीसदी रहा है। जो पिछले साल की अपेक्षा 3 फीसदी घटा है। बारहवीं में औसतन 90 प्रतिशत और दसवीं में औसतन 99 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषत हुए हैं। इस बार सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम रही है इसलिए रिजल्ट भी कम आया है। पिछले साल यानी वर्ष 2023 में औसत रिजल्ट 90 फीसदी तक पहुंचा था।

बारहवीं में श्रुति और दसवीं में तीन विद्यार्थी के सर्वोच्च अंक

बारहवीं में डीपीएस भिलाई की छात्रा श्रुति अग्रवाल साइंस ग्रुप ने सर्वोच्च अंक 98.40 फीसदी, केपीएस नेहरूनगर की छात्रा हर्षिका अग्रवाल आर्ट्स ग्रुप 92.20 फीसदी और डीपीएस भिलाई की छात्रा शिया राय साइंस ग्रुप 98 फीसदी ने गौरवपूर्ण उपलबब्धि हासिल की है। दसवीं में डीपीएस भिलाई के तीन विद्यार्थियों ने एक ही अंक लिए हैं। जिसमें जय गणेशनी 98.4 प्रतिशत, शुभ भईया 98.4 प्रतिशत, आस्था सिंह 98.4 प्रतिशत और विभु दीवान 98.4 प्रतिशत हैं।

बारहवीं में प्रथम श्रेणी 94 व दसवीं में 93 प्रतिशत

सीबीएसई बारहवीं में इस बार प्रथम श्रेणी में 226 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। जो कुल परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों का 94 प्रतिशत है। इसी प्रकार दसवी बोर्ड में 401 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन लिया है। जो कुल परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का 93 प्रतिशत से अधिक है।

बारहवीं व दसवीं के सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी

बारहवीं	
श्रुति अग्रवाल	- 98.4 प्रतिशत
हर्षिका अग्रवाल	- 98.2 प्रतिशत
शिया राय	- 89 प्रतिशत
कुल परीक्षार्थी	- 7988
उत्तीर्ण विद्यार्थी	- 7109

दसवी	
जय घनशानी	- 98.4 प्रतिशत
शुभ भईया	- 98.4 प्रतिशत
आस्था सिंह	- 98.4 प्रतिशत
कुल परीक्षार्थी	- 10122
उत्तीर्ण विद्यार्थी	- 10020

ट्यूशन पढ़ाकर भी अपनी पढ़ाई की जय ने

सीबीएसई दसवी डीपीएस भिलाई की छात्र जय घनशानी मूलतः राजनांदगांव निवासी हैं। यहां वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। जय बताते हैं कि वह यहां रहकर अपने नीचे क्लास के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते। उसके बाद भी पढ़ाई के लिए हर रोज 6 घंटे निकालते। पिता नरेश घनशानी कंफ्रेशनरी कारोबारी हैं और माता दिव्या गृहणी। कंप्यूटर साइंस लेकर वे भविष्य में डॉटा सांइसिस्ट बनना चाहते हैं।

शुभ बनना चाहता है कंप्यूटर साइंसिस्ट

दसवीं का छात्र शुभ भईया मूलतः दल्लीराजहरा निवासी है। यहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। शुभ बताते हैं कि वे आगे चलकर कंप्यूटर सांइसिस्ट बनना है। इसके लिए वे पूरी लगन से मेहनत करेंगे। पिता आनंद भईया बीएसपी कर्मी और माता रचना गृहणी हैं। हर दिन वे 6 घंटे की पढ़ाई करते रहे।

बीएसपी जीएम की बेटी श्रुति का डॉक्टर बनना सपना

सीबीएसई बारहवीं में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली श्रुति अग्रवाल डीपीएस भिलाई की छात्रा है। उनके पिता शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल बीएसपी में जनरल मैनेजर हैं। माता किरण अग्रवाल गृहणी है। श्रुति बताती है कि आगे चलकर वह डॉक्टर बनाना चाहती है। अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान एम्स के लिए उसने नीट की परीक्षा दी है। बारहवीं पढ़ने के लिए उसने सेल्फ स्टडी की। कोई कोचिंग नहीं ली। रोजाना 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की।

शौक- पेंटिंग करना, सोशल मीडिया से दूरी।

बिजनेसमैन पिता की बेटी हर्षिका की तैयारी आईएएस बनने की

केपीएस स्कूल नेहरूनगर की छात्रा हर्षिका अग्रवाल की तैयारी आईएएस बनने की है। हर्षिका ने आर्ट्स ग्रुप में 98.20प्रतिशत अंक लिया है। मूलतः वह बालाघाट मप्र के लांजी गांव की निवासी है। यहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की। पिता दीपक अग्रवाल कपड़े का कारोबारी हैं और माता रेखा अग्रवाल गृहणी हैं। वे बताती है कि इस मुकाम तक पहुंचने शुरू से ही पढ़ाई की इसलिए परीक्षा के समय प्रेशर नहीं रहा। टीचरों ने डिफक्लिटी दूर करने में मदद की।

शौक= बुक रीडिंग करना।

एरोनॉटिकल इंजीनियर बनना चाहती है आस्था

दसवीं की छात्रा आस्था सिंह आगे चलकर एरोनॉटिकल इंजीनियर बनना चाहती है। वे बताती हैं कि उसने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए शुरू से ही पढ़ाई का टाइमटेबल बनाकर अध्यापन की। इस बीच मानसिक तनाव से बचने के लिए प्राणायाम और साइकलिंग नियमित दिनचर्या में शामिल की। उसके यहां टीवी तक नहीं है। सोशल मीडिया से दूरी बहुत जरूरी है। पिता अखिलेश सिंह बीएसपी कर्मी और मां रचना सिंह डॉक्टर हैं।

12वीं का 7 साल का परिणाम

वर्ष	विद्यार्थी	उत्तीर्ण
2017-18	5600	5310
2018-19	6560	6364
2019-20	4968	4889
2020-21	4960	4960
2021-22	7200	6948
2022-23	6600	6530
2023-24	7988	7109

डॉक्टर दंपति की इकलौती बेटी शिया भी डॉक्टर बनेगी

रिसाली भिलाई निवासी डॉक्टर दंपत्ति की इकलौती बेटी शिया भी आगे डॉक्टर बनना चाहती है। उनके पिता डॉ. राघवेंद्र राय और मां डॉ. मीनाक्षी राय भी प्राइवेट अस्पताल में चिकित्सक हैं। इसलिए उनकी प्रेरणा माता पिता रहे। नीट की परीक्षा दी है। डीपीएस भिलाई की छात्रा शिया बताती है कि वह रोजाना 14 घंटे तक की पढ़ाई की। कोचिंग नहीं ली । स्कूल के टीचरों का सपोर्ट विशेष रहा। सफलता पाने के लक्ष्य तय करना जरूरी है। सेल्फ स्टडी काफी मायने रखती है। शौक- सिंगिग में विशारद और बैंडमिंटन अंडर 13 एकल में खिताब।

आगे कॅरियर के लिए यह कर सकते हैं विद्यार्थी

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा बतातें हैं कि बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने कॅरियर के लिए नीट, आईआईटी, पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं दे सकते हैं। इसके अलावा प्लेन बीएससी, बीकाम और बीए में प्रवेश ले सकते हैं। इन संकायों के साथ बीएड भी अब किया जा सकता है। पॉलिटेक्नीक कॉलेज और एग्रीक्लचरल कॉलेजों में दाखिला लेकर आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। कॉलेजों में कई टेक्नीकल और व्यवसायिक पाठ्यक्रम चल रहे हैं। कंप्यूटर कोर्स भी भविष्य के लिए उपयोगी है। दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने प्राप्तांक के हिसाब से सब्जेक्ट का चयन कर सकते हैं। सीबीएसई स्कूलों में भी कई व्यवसायिक कोर्स चल रहे हैं।ऐसे स्कूलों में मुख्य विषयों के साथ व्यवसायिक विषय की वैकल्पिक रूप से पढ़ाई की जा सकती है।

एक्सपर्ट व्यू

कांसेप्ट बेस पेपर

इस बार बारहवी के विद्यार्थी वे हैं जो दो साल कोरोनाकाल में ऑनलाइन पढ़ाई की थी। इससे लिखने की आदत खत्म हो गई। प्रश्नपत्र तैयार करने का ट्रेंड बदला है। अब कांसेप्ट बेस पेपर तैयार किए जा रहे हैं। 30 प्रतिशत सवाल ऐसे हैं जिसके लिए बच्चों को सोचकर लिखना पड़ेगा। यानी डेथ में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही बेहतर अंक ला सकते हैं।

- **आरएस पांडेय**, पूर्व कोआर्डिनेटर सीबीएसई



आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय भिलाई में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
सतीश टॉवर, प्रथम तल, कमला मेडिकल के पास, सुपेला भिलाई
मो. 7987328736

खबर संक्षेप

जिला अस्पताल में मनाया गया नर्सिंग डे

दुर्ग। जिला अस्पताल में नर्सिंग डे मनाया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत सिस्टर बावनकर, रीता मेंड्रिक, नलिनी पी मसीह, के वी कुमार, मृदुला, राधा देवांगन, सरस्वती ताम्रकार, एल खान एस कटने, कल्याणी शुक्ला, कृष्णा तिवारी, शैलजा सिंह, पुष्पा अग्रवाल, कमला देशमुख, सपना देवांगन, मोंगरा वर्मा, माधुरी परांजपे, तग्गा मानी, पिल्लई शिवकुमारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत केक काटा गया। सुबह 10 बजे इन सिस्टरद्वारा सेवा एवम रचनात्मक कार्य के अंतर्गत शरबत का वितरण किया। जिसमें सी बोरकर मंजू राय तुरकाने यशोदा, भारती माधुरी शायनी, आशा भट्ट, ममता शर्मा, शायनी चेरियन आदि थे। नर्सिंग ट्रेनीज की स्टुडेंट द्वारा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। संचालन अजय नायक शाहिनी ने व आभार शाइनी चेरियन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य, जीवन दीप समिति के दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर आदि मौजूद थे।

वरिष्ठों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

दुर्ग। विश्व रेड क्रॉस के थीम कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव के अंतर्गत पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का स्वास्थ विभाग के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ परीक्षण किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वास्थ लाभ लिया। साथ ही इन्हें आम केला फल वितरण भी किया गया। इस सेवा अवसर पर जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू प्रबंधक दीपक चापरिया रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कार्यकारिणी एवं जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर एवं धीरज इंगले की उपस्थिति थी।

वाणिज्य समूह का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

दुर्ग। आर्य शिक्षा समिति दुर्ग भिलाई द्वारा संचालित महर्षि दयानंद आर्य उ.मा.विद्यालय मठपारा का सत्र 2023-24 की कक्षी दसवीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं विज्ञान एवं वाणिज्य समूह का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कु. उपासना निर्मलकर 92.8 प्रतिशत, युक्तिका सोनी 88 प्रतिशत, एकता यादव 84.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें। 12वीं विज्ञान समूह में कु. मानसी सोनकर 84.2 प्रतिशत गौरव सिन्हा 74 प्रतिशत, कु. साक्षी सोनी 73 प्रतिशत तथा वाणिज्य समूह में कु. टिसा चन्द्राकर 78.2 कु. कल्पना सोनी 73.6 प्रतिशत, कु. प्रेमा ढीमर 73.6 प्रतिशत, कु. पायल साहू 70.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें। आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों को बधाई दी है।

स्ट्रांग रूम में कांग्रेस कर रही रतजगा, भाजपा नेता ले रहे जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भले ही जिला निर्वाचन आयोग द्वारा शंकराचार्य कालेज में बने स्ट्रांग रूम की चौक चौबंध व्यवस्था कराई गई हो, इसके बाद भी पार्टी के नेता यहां रतजगा कर रहे है। कांग्रेस सहित अन्य पार्टी के प्रतिनिधि यहां दिन और रात पहरेदारी कर रहे है। लेकिन भाजपा के नेताओं का कहना है कि, आयोग द्वारा पहले ही यहां बडी व्यवस्था की गई है। इसलिए यहां समय समम पर वे स्ट्रांग रूम का जायजा ले रहे है।

जिला भाजपा दुर्ग के उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि, विधानसभा में स्ट्रसांग रूम के लिए टीम बनाई गई थी। लोकसभा में प्रशासन द्वारा कडी सुरक्षा लगाई गई है। उन्होने बताया कि, समय समय पर प्रत्याशी के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता जायजा ले रहे है। लोकसभा चुनाव मतदान संपन्न होने के बाद श्री शन्कराचार्य कॉलेज स्ट्राँग रूम में मॉनिटरिंग के लिए शहर जिला काँग्रेस द्वारा निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें प्रत्याशी के दो प्रतिनिधियों द्वारा दो दल बनाया गया है।

एक दिन और दूसरा दल रात मे रतजगा कर पहरेदारी कर रहे है। जिसमे दुर्ग शहर जिला काँग्रेस कमेटी के महामंत्री आनंद कपूर ताम्रकार, महासचिव मोहित वालदे, संतोष सोनी, प्रीतम देशमुख, दिनेश बेलचंदन रुपेंद्र देशमुख, धनेंद्र साहू स्ट्राँग रूम पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज की लगातार निगरानी की जा रही है।

बोरिया बिस्तर लेकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में डटे कांग्रेसी, चार को मतगणना

चार जून तक होगी पहरेदारी

जानकारी अनुसार स्ट्रांग रूम में दुर्ग संसदीय क्षेत्र के नौ विधानसभा सीटो में मतदान के बाद ईव्हीएम मशीन जमा कर दी गई है, साजा और नवागढ की ईव्हीएम मशीन बेमेतरा में जमा की गई है। यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम में चार जून को मतगणना होगी। उल्लेखनीय है कि, लोकसभा के चुनाव 7 चरणों मे सम्पन्न होने है और तीसरे चरण के चुनाव सम्पन्न हो गया है। अन्तिम चरण 1 जून को सम्पन्न होगा। इस बीच कोई भी गड़बड़ी से बचने के लिए पार्टी के नेता नजर बनाए हुए है।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सोमवार को स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होने विधानसभावार कक्षों का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में लगे एलईडी टीवी स्क्रीन में प्रदर्शित दृष्यों का भी अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने परिसर के बाहरी व्यवस्था के संबंध में नोडल अधिकारी श्री ध्रुव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विधानसभावार ए.आर.ओ. नियमित निरीक्षण करेंगे और वस्तु स्थिति से जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराएंगे।

मनमानी : आंख मूंदकर मार्कफेड ने जारी कर दिया लाखों रूपए का धान

सोसायटियों से पूरा धान उठा ले गए मिलर, चावल आधा जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कस्टम मिलिंग के अनुबंध के तहत जिला प्रशासन द्वारा मिलरों पर कार्यवाही के बजाय उन्हें खुली छूट दे दी गई है। प्रशासन के मार्कफेड विभाग द्वारा मिलिंग क्षमता से अधिक मिलरों को आंख मूंदकर धान का डीओ जारी कर दिया गया है। जबकि मिलरों ने लाखों रूपए के धान को बाजार में खपा दिया है। वही नागरिक आपूर्ति निगम और केन्द्र के एफसीआई में अनुबंध के मुकाबले सिर्फ आधा चावल जमा किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा समय पर चावल जमा नही किए जाने के चलते नाराजगी जाहिर की जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार एफसीआई के कस्टम मिलिंग के लिए जिले के मिलरों ने 6926820 क्विंटल धान का उठाव कर लिया है। मिलरों को इस धान के एवज में 47 लाख बीस हजार क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन मिलरों ने अब तक 24 लाख 75 हजार क्विंटल चावल जमा किया है। इस तरह एफसीआई में सिर्फ 51 फीसदी चावल जमा हुआ है।

इसी तरह राज्य के नागरिक आपूर्ति निगम के लिए मिलरों को मार्कफेड द्वारा 23 लाख 16750 क्विंटल धान जारी कर दिया गया है। इसके एवज में मिलरों को अब तक 9 लाख 47890 क्विंटल चावल जमा किया है। इस तरह एफसीआई और नान के अनुबंध के अनुसार सिर्फ 53 फीसदी चावल जमा हुआ है।

खास बातें

- केन्द्र और राज्य पुल में चावल जमा नहीं, मार्कफेड ने दे दिया धान
- कस्टम मिलिंग की अड़ में मिलर सरकारी धान की कर रहे हेराफेरी
- जिला प्रशासन समय पर नही करा पा रहा कस्टम मिलिंग का कार्य

धान खरीदी निपटने के पांच माह बाद भी सिर्फ 53 फीसदी चावल जमा

आखिर कहां गया करोड़ों रूपए के धान

मार्कफेड के रिपोर्ट के अनुसार जिले में 58 लाख क्विंटल धान खरीदी के बाद शत प्रतिशत उठाव हो गया है। जिले से उठाव के बाद मिलरों ने अन्य जिले कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर चौकी, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली, जशपुर, कोरिया, बिलासपुर और बालौदाबाजार जैसे जिलों से भी धान का उठाव किया है। इस तरह दुर्ग जिले के 151 मिलरों ने 129 लाख क्विंटल धान की मिलिंग का अनुबंध किया गया है। जिसमें सिर्फ 53 फीसदी चावल मिल पाया है। सवाल उठता है कि, धान उठाव के बाद मिलर मिलिंग क्यो नही कर पाए है। मिलिंग कराने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होती है। लेकिन प्रशासन एक भी मिलों में भौतिक सत्यापन नही कर पाई है।

केन्द्र के दबाव पर भी सख्ती नहीं

हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए भारत छाप चावल लांच की है। जिसमें लोगों को सिर्फ 29 रूपए किलो में चावल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मिलरो से अनुबंध भी किया गया है। केन्द्र सरकार इस योजना का लेकर गंभीर है। लेकिन मिलर केन्द्रिय पुल में मांग के अनुसार चावल जमा नही कर पा रहे है। मार्कफेड भारत छाप चावल जमा नही करने वाले मिलरों को नोटिस भी जारी किया गया है। इस संबंध में डीएफओ भौमिक बघेल से संपर्क किया गया। लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

अनुबंध से ज्यादा क्षमता फिर भी मनमानी

जिले के 151 अरवा व उसना राईस मिलों में हर माह 29 लाख 7960 क्विंटल धान की मिलिंग हो सकती है। खरीफ 2023 की बात करे तो दिसंबर माह में धान खरीदी समाप्त होने के बाद पांच माह बीत चुके है। इस तरह अगर मिलर पांच माह में क्षमता के अनुसार मिलिंग करते तो अब तक 145 लाख क्विंटल धान की मिलिंग हो सकती थी। जबकि मिलरों से इससे कम 129 लाख क्विंटल धान मिलिंग का अनुबंध किया गया है। पर्याप्त मिलरों में क्षमता के बाद भी सिर्फ 53 फीसदी चावल जमा करना जांच का विषय है। लेकिन जिला प्रशासन मिलरों में भौतिक सत्यापन नही कर पा रही है।

सवा चार लाख लेकर रेत देने से मुकरा सप्लायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम नवागांव डुडेरा बालोद में कमल किशोर सिन्हा द्वारा रेत मंगाने के लिए सवा चार लाख रूपए एडवांस दिया गया। लेकिन लगातार तकाता करने के बाद भी संबंधित ने रेत की डिलिवरी नही की है। इस मामले की शिकायत पीडित ने आईजी दुर्ग में की है।

- पीड़ित ने आईजी से की लिखित शिकायत

आवेदक कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि, कलीराम पारकर पिता जगन्नाथ पारकर व रेखलाल प्रजापति पिता हेमलाल प्रजापति द्वारा मुझे 8000 रूपय डम्पर रेत डालेगे कहा और हमारे पास दो रेत खदान होने की बात कही। एक नेवारी कला में व दूसरा चारामा में है। आवेदक को यहां निरिक्षण भी कराया गया। आवेदक को आठ हजार रूपए में रेत डिलिवरी करने की वादा भी किया। जिस पर भरोसा कर आवेदक राशि दी थी। लेकिन रेत नही मिलने पर आवेदक ने थाना प्रभारी गुंडरदेही में लिखित शिकायत की थी। यहां से कार्यवाही नही होने के बाद सोमवार को 32 बंगला भिलाई पुलिस महानिरिक्षक से की है। आवेदन ने लिखा है कि, कलीराम पारकर सहित एक अन्य ने डम्पर गाडी में रेत का 1 लाख 10 हजार नगदी सुरेन्द्र कुमार मंडावी के सामने कलीराम को दिया।

वही 3 लाख 20 हजार रूपय रेखलाल प्रजापति को फोन पे करवाया गया। इस तरह कुल 4 लाख 30 हजार रूपय कलीराम पारकर व उनके साहयोगी रेखलाल दोनो पार्टनर बताकर मुझसे यह राशि लिया ली गई। जिसमें एक हाईवा भुरकाभाट में डालके बाकि रेत डालने पर गुमराह कर रहा है। एवं पैसा वापस मांगने पर फोन नहीं उठा रहा है। कुल 120 हाईवा का आर्डर दिया गया है, जिसमें 54 गाडी का पेमेंट हो चुका है। आवेदन ने आईजी से कार्यवाही की मांग की है।

नगपुरा में फिर फूटी पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम नगपुरा में एडीबी योजना के तहत सड़क चौडीकरण, नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण हेतु सड़क किनारे गढ्ढा खोदने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें नल-जल पाईप लाईन को बार-बार क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जिससे पानी टंकी में पानी भरवा नहीं हो पा रहा है। जिससे गाँव में भारी पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पाईप लाईन बनाने के लिए बोलने पर उक्त समस्या का निदान नहीं किया जा रहा तथा ए.डी.बी. एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एक दूसरे के ऊपर उक्त कार्य को करने का हवाला दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से सोमवार को लिखित शिकायत की है।

मतगणना कराने के लिए जिला निर्वाचन आयोग ने लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के सुचारू संपादन हेतु अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मतगणना) तथा अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी पोस्टल बैलेट/इटीपीबी नियुक्त किये है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त संशोधित आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के लिए अभियंता पीडब्लूडी (इ एण्ड एम) रमन लाल गायकवाड़ के स्थान पर क्रीडा अधिकारी शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्व. महाविद्यालय दुर्ग लक्ष्मेन्द्र कुमार कुलदीप अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा 66 वैशालीनगर के लिए कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय शिवनाथ मंडल दुर्ग ए.के. हजारी के स्थान पर कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय शिवनाथ मंडल हेमलाल कुरेतिया अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। रिजर्व के लिए कार्यपालन अभियंता नगर निगम भिलाई अखिलेश चन्द्राकर तथा सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी पुष्पा राजेन्द्रन अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट, इटीपीबी मतगणना कार्य में रिजर्व हेतु उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग प्रतीक मसीह तथा सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग दुर्ग पुष्पराज राठौर अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाये गये है। उक्त अधिकारियों को 16 मई 2024 को बीआईटी दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करनें को कहा गया है।

- 16 मई को बीआईटी में प्रशिक्षण

जयंती पर कालेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

दुर्ग। शासकीय डॉ० वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विगत दिनों भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर जी के 164वीं जन्म जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने गुरूदेव टैगोर की नोबल पुरस्कार की प्राप्ति से लेकर शांति निकेतन की स्थापना तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने टैगोर के विभिन्न उपन्यास एवं कहानियों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये। श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने टैगोर साहित्य के अन्तर्गत उनके द्वारा अनुवादित पुस्तकों पर प्रकाश डाला। निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह से भागीदारी निभाई। प्रथम स्थान पर कु. हर्षा श्रीवास (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर), द्वितीय स्थान पर कु. अनामिका मिश्रा (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) एवं तृतीय स्थान पर कु. मोनिका सिंघारे (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) रहीं। निर्णायक डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने सभी छात्राओं द्वारा रविन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखे गये निबंध की सराहना की। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष वंदना पंजारे के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कु. मधु पाण्डेय एवं मानसी पटेल का विशेष सहयोग रहा।

स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, दो माह बाद भी पनीर की नहीं आई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा विगत 28 मार्च को पाटन के देमार गांव में स्थित एक पनीर प्रोसेसिंग यूनिट में छापामार कार्यवाही की थी। इस दौरान फैक्टी में नकली दूध और खोवा बनाने की आशंका जताई गई थी। छापामारी के बाद अफसरों ने यहां से सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा था। अफसरों ने रिपोर्ट सप्ताहभर के अंदर आने की बात कही थी। लेकिन पूरे दो माह गुजरने के बाद भी रिपोर्ट का पता नही है।

- कार्यवाही के बाद अफसर भी मौन

उल्लेखनीय हैं कि, जिलेभर में नकली पनीर और दूध में मिलावट की शिकायते सामने आती रही है। औषधि प्रशासन विभाग को मिली शिकायत के आधार पर कार्यवाही की गई थी। इस दौरान फैक्ट्री में यूरिया, केमिकल और फूड आइल रखे जाने की के चलते कई सवाल खडे हुए थे। छापामार कार्यवाही में स्किन बर्न की चेतावनी वाला केमिकल मिला था। यह मानव शरीर के लिए हानिकारक है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड पिछले लंबे समय से किया जा रहा था। टीम ने जांच के बाद तत्काल प्रोससिंग यूनिट को सील कर दिया था। वही सैंपल लेकर राज्य प्रयोगशाला कालीबाडी भेजा गया।

सिर्फ सैंपल लेकर कार्यवाही की खानपूर्ति

औषधि प्रशासन द्वारा हर साल सिर्फ सैंपल लिया जाता है। लेकिन रिपोर्ट का लंबे समय तक पता नही रहता। दूध फैक्टी से मिले पनीर के नकली होने की आशंका जताई गई है। गंभीर मसला होने के बाद भी सैंपल लेने के बाद अब तक रिपोर्ट नही भेजा गया हैं।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कल से 4 जून तक

गर्मी की छुट्टी में बच्चे खेलेंगे निःशुल्क वॉलीबाल और कबड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 15 मई 2024 से 4 जून 2024 तक 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

- 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का किया जा रहा आयोजन

जिसमे ग्रामीण व शहर से सबजूनियर, जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते है। प्रशिक्षण के लिए विभाग के माध्यम से निःशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। शिविर प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे से 7.30 बजे तक विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों मे प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। मौसम को देखते हुये बच्चों की सुविधा अनुसार प्रशिक्षण का समय निर्धारित किया गया है। जिले मे विभिन्न खेल एवं मैदानों मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

रविशंकर स्टेडियम और साइंस कालेज में खेल

इसी प्रकार रविशंकर स्टेडियम, साइंस कॉलेज व सेक्टर 9 में मुकेश श्रीवास्तव, विजय भारत विष्ट तथा रमेश के माध्यम से फुटबाल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की आरती शुक्ला व ललित साहू के द्वारा वेटलिफिटंग तथा कुश्ती का प्रशिक्षण दिया जायेगा। एन सी आर टी स्कूल सेक्टर 6 भिलाई मे जावेद खा तथा कसारीडी प्राथमिक शाला दुर्ग मे नीलिमा सोनी के माध्यम से क्रमशः नेटबॉल तथा कुड़ों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इच्छुक खिलाडी संबंधित प्रशिक्षण मैदान उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है।

प्रशिक्षकों को दी गई जिम्मेदारी

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई, हुडको मे बीएन सोनी तथा बजरंग पारा कोहका में परिवेश ठाकुर, पी.टी.आई. अुनराग तारम तथा पाहन्दा मे योगेश ठाकुर के द्वारा व्हालीबॉल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। समृद्धि बाजार के पास दुर्ग में अंसारी अली तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद में अल्ताफ, पीटीआई के माध्यम से हॉकी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग में दिलीप इंग्ले, लाडली खिलाडी के प्रशिक्षक दीपक निर्मलकर तथा राजेन्द्र कुमार साहू, शासकी उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई के मोती लाल साहू पीटीआई, उमेश निर्मलकर तथा सनत साहू व मिनी स्टेडियम पुरई मे भुनेश्वर साहू व गजेन्द्र साहू, झीट पाटन मे भूपेश तथा पाहंदा पाटन मे दिव्यानी यादव के माध्यम से खो-खो का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन में संतोष यादव पीटीआई तथा बैगापारा स्टेडियम दुर्ग व जोन क्रमांक 2 सेक्टर 11 खुर्सीपार भिलाई में रामदास यादव तथा छाया प्रकाश राव और कालेज मैदान सिरना भाटा धमधा मे शिव कुमार रजक, दुष्यंत महोविया के माध्यम से कबड्डी, एथलेटिक्स व व्हॉलीबाल का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

एसडीएम और तहसीलदार ने छात्र को दी बधाई

दुर्ग। राज्य में कक्षा 10वीं के छात्र यशवंत पारकर ने नौंवा स्थान पाकर ग्राम तहसील और जिला दुर्ग सहित राज्य को गौरांवित किया। जिला प्रशासन दुर्ग के तरफ से छात्र के घर जाकर एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, सहायक संचालक अमित घोष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव ने मुंह मीठा कराकर छात्र और परिजनों को शुभकामनाएं दी।

राशन लेने दो दिन की और मोहलत

दुर्ग। जिलो के प्रस्ताव अनुसार माह अप्रैल की राशन सामग्री के वितरण की समयसीमा 15 मई तक बढाई गई है। जिसके अंतर्गत शेष वितरण कार्य कराने के निर्देश दिए गए है। वही दुकानों के मार्च 2023 के बचत स्टाक के सत्यापन उपरांत डेटा एंट्री का कार्य भी 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने कहा गया है। खाद्य नियंत्रक सीपी दीपाकर ने बताया कि, इसका पालन प्रतिवेदन आगामी 20 मई तक संचालनालय को उपलब्ध कराना है। इसलिए गंभीरता से इस कार्य को किए जाने कहा गया हैं।

खबर संक्षेप

कार रोक कर छात्र से मारपीट, मामला दर्ज

भिलाई। कार रोककर दबंगई करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34, 327, 341,427 के तहत कार्रवाई की है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि चंडी मंदिर के पीछे गली नंबर 1 शिवपारा दुर्ग निवासी देवेन्द्र साहू कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर मे बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। रविवार की रात अपनी बडी मां के साथ महराणा प्रताप भवन शंकर नगर दुर्ग से सगाई कार्यक्रम से कार में घर लौट रहा था। शिव मंदिर के पास गली में मोहल्ले के बादल, लोकेश पटेल और उसके साथियों ने मिलकर कार के सामने आकर रास्ता रोक दिया। कार से नीचे उतरने पर युवकों ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने पीड़ित को शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहे ते। पैसा नही देने पर चाकु से मारने की धमकी देकर कार को नुकसान किया है। इसके अलावा मारपीट किया। घटना में पीड़ित के बांये पैर, दाहिने हाथ की कलाई मे चोट आई है।

मकान में चोरी करने वालों पर जुर्म दर्ज

भिलाई। मकान के भीतपर प्रवेश कर इलेक्ट्रानिक सामान और कैश चोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत में पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत कार्रवाई किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि आम्रपाली, डी ब्लाक, 275 निवासी देवाशीष महंती किराए के मकान में रहता है। पीड़ित रविवार की रात अपने कमरे में बैठ कर काम कर रहा था। कमरे में पुरानी इस्तेमाली लेपटाप, मोबाईल, पैनड्राईव, 1000 रूपये कैश पड़ा था। सुबह उठकर देखा तों उक्त सामान घर से गायब मिला। उपर जाकर देखा तों बालकनी का सिटकनी खुला था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालकनी से घर भीतर प्रवेश कर में पुरानी इस्तेमाली सामान को चोरी कर लिया। चोरी गुए सामनों की कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है।

सेलूद में सेन महराज की जयन्ती मनेगी आज

सेलूद। श्री सेन महराज जयंती एवं सम्मान समारोह 14 मई को सेलूद परिक्षेत्र के सहयोग से व्लाक स्तरीय सेन जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम सेलुद के बाजार चौक में किया जा रहा है। कार्यक्रम-विवरण-सुबह 10 बजे दीप प्रज्जवलन एवं कार्यक्रम शुभारंभ अतिथि भुवन लाल कौशिक सचिव, प्रदेश संगठन छ. ग. प्रांत सेन समाज खेमिन साहू सरपंच ग्राम पं. सेलूद मंचीय कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि नंदकुमार सेन अध्यक्ष, केश शिल्प कला कल्याण बोर्ड छग शासन अति विशिष्ट अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र, पुनीत राम सेन प्रांताध्यक्ष, सेन समाज विशिष्ट अतिथि रुद्र कुमार सेन, महासचिव प्रदेश संगठन छग प्रांत सेन समाज मोना सेन अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन छग प्रांत सेन समाज एवं पूर्व अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड छग बिनोद सेन पूर्व प्रांताध्यक्ष, प्रदेश संगठन छग प्रांत सेन समाज विजय सेन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, सेन आशा उमरे अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ सेन समाज लक्ष्मीनारायण सेन तुलसी राम पूर्व अध्यक्ष, सेन समाज ब्लाक पाटन अरुण कौशिक पूर्व अध्यक्ष, सेन समाज ब्लाक पाटन खिलेश मारकण्डे जी जनपद सदस्य पाटन उपस्थित रहेंगे ।

निधन

शीला गुप्ता

भिलाई। पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी शीला गुप्ता का निधन सोमवार को हो गया। वे 70 वर्ष की थी। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 14 मई को सुबह 11 बजे उनके पद्मनाभपुर स्थित निवास से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. श्याम सुंदर गुप्ता की पत्नी एवं राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता और मुकेश गुप्ता की मां थीं।

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

श्रेष्ठ परिणाम के लिए विद्यार्थियों को माता पिता और गुरु समान रूप से करें मोटिवेट

पालक, स्कूल और विद्यार्थी की संयुक्त मेहनत का फल होता है रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा द्वारा हाई एवं हायरसेकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम 2024 घोषणा के बाद सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय द्वारा टॉप फाइव विद्यार्थियों एवं उनके माता पिता का सम्मान सोमवार को किया गया। दसवीं में लोकेश कुमार ने 79 प्रतिशत एवं 12 वीं में दीक्षा यदु एवं डिगेश्वरी ने 75.8 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में टापर रहे। विद्यार्थियो ने कहा कि घोषित परिणाम संतोषजनक नही है वे उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने प्रक्रिया अनुरूप आवेदन करेंगे। विदित हो कि विगत वर्षो में परिणाम से नाखुस विद्यालय के बच्चों ने उत्तरपुस्तिका पुनः जांच कराए और अच्छे खासे नंबर भी वृद्धि हुई थी। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि 2005 में उत्तरपुस्तिका पुनः जांच कराने के बाद निशा जैन का नाम प्रविण्य सूची में संलग्न हुआ था। इस अवसर पर तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, परिक्षेत्रीय साहू संघ पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सेवानिवृत्त डॉ. केएस देवांगन, विद्यालय समिति कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे, हेमलाल यदु, झांमनलाल सोनवानी,अर्चना सोनवानी, सुगती चंद्राकर मंचासिन रहे।

विद्यालय के व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि किसान अच्छी फसल प्राप्त करने के लिए बीज बोआई से लुआई तक पूर्ण सजगता पूर्वक मेहनत कर अच्छा उत्पादन प्राप्त करते है।किसानों के तर्ज में माता पिता बच्चो की पढ़ाई संगत संस्कार और समय सदुपयोग के लिए सजगता बरते तो परीक्षा परिणाम शानदार अपेक्षा अनुकूल आ सकता है बच्चो का भविष्य संवर सकता है।बच्चो का भविष्य होनहार बनाने में माता पिता किसानों की तरह रोल प्ले करे। उन्होंने कहा कि अनेकों पालक तो ऐसे भी है जो सालभर में एक बार भी अपने बच्चें की पढ़ाई की चर्चा करने विद्यालय नही आ पाते। अच्छे परिणाम के लिए पालक स्कूल और विधार्थी का सजग और सतत संपर्क में रहना अत्यावश्यक है।

बच्चों को प्रभावी मोटिवेट करने के लिए पालकों का साथ स्कूल को चाहिए

तहसील साहू समाज उपाध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू , प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि विधार्थी स्कूल में मात्र 6 घंटा रहते है जिसमे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी होती है। 18 घंटा माता पिता के सानिध्य में रहते हैं। इस अवधि में माता पिता सजगता बरतते हुए उन्हें स्कूल के होम वर्क को पूरा करने प्रभावी प्रेरित करें और पालक स्कूल संपर्क प्रत्यक्ष या फोन से भी बनाए रखें तो रिजल्ट गौरवमय इतिहास लिख सकती है। पालक बच्चें को मात्र स्कूल भेजकर अपने कर्तव्यों को पूर्ण नही समझे।वर्तमान जनरेशन के पास बौद्धिक क्षमता बहुत अच्छी है माता पिता गुरु आपसी तालमेल बैठाकर बच्चो का भविष्य संवारे। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ती बच्चों को प्रभावी मोटिवेट के लिए पालकों का सजगता पूर्वक साथ चाहिए। वहीं प्रतिभावान छात्रा डिगेश्वरी, दीक्षा यदु, प्राची, तृषा सोनवानी ने समवेत स्वर में कहा कि बचपन से अब तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर से संस्कार की जो उपहार मिली वह जीवन को सफल बनाने में महती भूमिका निभाएंगी। माता पिता की भांति मार्गदर्शन आचार्य और व्यवस्थापक से विद्यालय में सतत मिलते रहना दुर्लभ और ऐतिहासिक रहा। जीवन की नींव को मजबूत करने में सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार का पावन पवित्र मंदिर है।

माता-पिता व बच्चों का हुआ सम्मान

कक्षा 12 वीं विद्यालय स्तर पर टांप फाइव में उपस्थित दीक्षा यदु डिगेश्वरी तृषा प्राची एवम उपस्थित माता पिता का डायरी पेन भेंट कर तिलक वंदन के साथ सम्मान किया गया। हेमलाल यदु झामनलाल सोनवानी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर मंजिल प्राप्ति हेतु दृढ़ता पूर्वक मेहनत करना चाहिए। प्राचार्य पीएल बारले ने संचालन और कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू ने आभार प्रगट किए।

प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई देने उनके निवास पहुंचे आडिल

सेलूद। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड रायपुर ने 10 वी 12 वी के नतीजे जारी कर दिए है जिसमे पाटन विकासखंड के ग्राम महकाकला निवासी दुर्गा रानी वर्मा पिता स्व गांधी राम वर्मा ने 10 वी में 97.55 प्रतिशत अंक अर्जित कर टाप टेन में अपना नाम दर्ज कर इतिहास रचा साथ ही पाटन राज के चंगोरी निवासी साहिल वर्मा पिता महेश वर्मा माता निर्मला वर्मा ने 12 वी में 93 प्रतिशत सौभाग्य वर्मा पिता कुबेर वर्मा माता सुधा वर्मा सोरम निवासी ने 12 वी में 90.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार और समाज का मान बढ़ाया है साथ ही सुप्रिया वर्मा पिता महेश बर्मा माता पार्वती वर्मा नवागांव निवासी ने 10 वी में 94.3 प्रतिशत निधि वर्मा पिता चेतन वर्मा माता सावित्री वर्मा चंगोरी निवासी ने 10 वी में 90.33 प्रतिशत दुर्गेश वर्मा पिता रामकृष्ण वर्मा माता विशाखा वर्मा बठेना निवासी ने 10 वी में 91.38 प्रतिशत ख्वाहिश वर्मा पिता शिशुपाल वर्मा माता गंगोत्री वर्मा नवागांव ने 10 वी में 86.33 प्रतिशत और सूर्यकांत वर्मा पिता भेद प्रकाश वर्मा माता रश्मि वर्मा अशोगा निवासी ने 10 में 80.7 प्रतिशत अंक अर्जित कर अंचल का नाम रोशन किया है मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने 10 वी और 12 वी के सफल छात्र छात्राओं के निवास पहुंचकर बच्चो और उनके पालकों को उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई दिए राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने कहा की मनवा कुर्मी समाज के ये बच्चे काफी प्रतिभाशाली है इन बच्चो ने 10 वी 12 वी में अच्छे अंक हासिल कर परिवार समाज और अंचल का नाम रोशन किया है मनवा कुर्मी समाज शिक्षा के छेत्र में हर संभव सहयोग करेगा बधाई देने राज प्रधान युगल किशोर आडिल के साथ राकेश आडिल काजल वर्मा दुस्यत वर्मा शेखर वर्मा महेंद्र वर्मा अश्वनी वर्मा केदार काश्यप निक्कू वर्मा संदीप वर्मा विपिन बंछोर योगांत वर्मा रामकृष्ण वर्मा दूज राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चाकू से गोदकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने दो दो युवक और तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 147, 148, 149, 302, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कतोवाली पुलिस ने बताया कि छातागढ़ मोहलाई निवासी निखिल उर्फ ओम प्रकाश पटेल से पुरानी रंजिश के चलते दो युवक और तीन अपचारी बालक मिलकर उसे चाकूओ से गोद दिया। गंभीर अवस्था में युवक को जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई। पुलिस को जानकारी मिली कि लखन ढीमर अपने दोस्तों के साथ ओमप्रकाश के गले में चाकू मारकर हत्या कर फरार हो गया है। हत्या करने वाले सभी आरोपी पंचशील नगर दुर्ग के रहने वाले है। पुलिस ने लखन ढीमर, विकास कुमार साहू समेत तीन अपचारी बालको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मृतक ने अपचारी बालको को प्रेम प्रसंग को लेकर समझाइश दी थी। फिर मृतक ने अपचारी बालक को गांव नहीं आने की सलाह भी दिया। इसी बात को लेकर अपचारी बालक ने प्लान तैयार कर उसकी हत्या कर फरार हो गए थे। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश पटेल सौ मीटर तक आरोपियों से अपनी जान बचाते हुए भागता रहा लेकिन आरोपियों ने उसे घेरकर हत्या कर दिए। इस कार्रवाई में कोतवाली दुर्ग टीआई महेश ध्रुव और उनकी टीम का अहम योगदान रहा है।

■ मामला दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का

गनियारी हत्याकांड अब भी पहेली

अंजोरा थाना क्षेत्र में हुए नानी और पोती के हत्याकांड को लेकर पुलिस के पास अहम सुराग हाथ नहीं लग पाया है। एसीसीयू की टीम भी आरोपियों तक नहीं पहुच पा रही है। घटना को दो माह से अधिक समय बीत गया लेकिन पुलिस के पास कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। हत्या करने वाले अब भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के बारे में कुछ हासिल नहीं कर पाई है। घटना के दौरान फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुची थी यहां भी पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग पाई है। जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध से पुलिस की पोल खोल कर रख दिया है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग नहीं दिखाई दे रही है।

गुम 35 लाख के मोबाइल बरामद एसपी शुक्ला ने मालिकों को सौंपा

भिलाई। गुम हुए मोबाइल को एसीसीयू ने बरामद कर सोमवार को मोबाइल के असली मालिकों को सौंपा गया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट ने गुम हुये मोबाईलों को खोजकर मालिको को वितरण किया गया। वर्ष 2023-2024 को गुम हुये मोबाईलों के शिकायतों के आधार पर अभियान चला कर दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाँव, बालोद, बेमेतरा,रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 170 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों को बरामद किया। मोबाइलों की कीमत कुल 35 लाख रूपये आंकी गई है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने असली मालिको को उनके गुमे हुए मोबाइल सौंपा है। मोबाइल लेकर स्वामी काफी खुश नजर आए। कई लोगों ने दुर्ग पुलिस का आभार जताते थक नहीं रहें है। सुविधा के लिए दुर्ग पुलिस के सोशल एकाउंट (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर) पर बरामद मोबाईल के संपर्क नंबरों की लिस्ट अपलोड की जाएगी। जिससे मिला कर मोबाईल स्वामी एसीसीयू कार्यालय सेक्टर 3 भिलाई से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है।अभियान में एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी ऋचा मिश्रा, सुखनंदन राठौर, क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में प्रभारी एसीसीयू निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय का अहम योगदान रहा है।

डीजे में डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट आरोपियों के खिलाफ किया गया जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शादी समारोह में डीजे में डांस को लेकर दो पक्षों में जमकर चाकूबाजी हुई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 294, 506,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि रविवार रात घासीदारा नगर निवासी पप्पू साव 12 मई को वो अपने दोस्त राकेश की बहन के शादी में शामिल होने सतनाम भवन घासीदास नगर गया था।

उसके साथ उसका भाई सोनू साव और हीरा साव भी गया था। शादी में मोहल्ले के रहने वाले सचिन और पोट्टा भी आया था। रात करीब 9.30 बजे के करीब बारात पहुती उसमें सभी एक साथ डीजे की धुन में नाच रहे थे। इस दौरान पप्पू सोनू, हीरा भी बराती के रूप में गए थे। तभी नाचने को लेकर बाराती और घराती पक्ष में जमकर विवाद हो गया। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता पोट्टा और सचिन दोनों सोनू साव को पिटने लगे। गाली देते हुए आरोपियों ने नाचने से मना किया, लेकिन उसके बाद भी वो नहीं मान रहे थे।

तभी विवाद में पप्पू और हीरा ने बीच बचाव करने की कोशिश की। विवाद बढ़ने पर पोटटा ने अपनी जेब से चाकू निकालकर सोनू साव के पेट में घोंप दिया। सोनू खून से लथपत होकर गिर गया। चाकू लगने के बाद उसके भाई ने सोनू को तुरंत अस्पताल उपचार के लिए लेकर गया। अधिक चोट लगने से घायल सोनू को जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन परिजनों ने निजी अस्पताल में सोनू का उपचार करा रहें है।

■ आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

हरिभूमि के ऑपरेटर पर हमला, गिरफ्तार

भिलाई। हरिभूमि के कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ लूटपाट कर हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि दुर्ग निवासी किशोर कुमार हरिभूमि में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर कार्यरत है। शनिवार की रात समृद्धि बाजार दुर्ग होते हुए किशोर अपने घर जा रहा था। इस दौरान एक युवक सामने आ गया और किशोर से मोबाइल का मांग कर रहा था। इस दौरान किशोर ने इसका विरोध करने पर अपने जेब से हथियार निकाला और उस पर वार कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी आकाश पास्को नामक युवक को पकड़ा है। आरोपी युवक घटना के समय शराब के नसे में था। जहां पर घटना हुआ है देर रात सुनसान रहता है। जहां पुलिस सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण अपराधियों में हौसला बुलंद है।

टावर में चढा युवक

भिलाई। टावर में चढ़े युवक को पुलिस ने समझा बुजाकर नीचे उतार लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 8 में लगे मोबाइल टावर में लक्की टंडन नामक युवक चढ़ गया था। उसके चढ़ने चढ़ने की खबर से टावर के पास आसपास के लोगों की जमकर भीड़ हो गई थी। किसी तरह लक्की को एसडीआरएफ और पुलिस जवानों ने किसी तरह उतार लिया। बताया जा रहा है कि लक्की शराब के नशे में था अचानक टावर में चढ़ गया। युवक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कविलाश टंडन का बेटा है।

सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

अंडा। कर्मठ और कलाधर्मी हैं आरएल ठाकुर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी दुर्ग के कला शिक्षा प्रभारी व्याख्याता बीव्ही आर मूर्ति की सेवानिवृत्ति पर बालोद और दुर्ग जिले के कला शिक्षकों ने सन पब्लिक स्कूल दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के चंदखुरी के सभागार में उत्साहपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया। प्रारंभ में बीव्हीआर. मूर्ति और कला शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की ताम्र प्रतिमा पर माल्यार्पण, धूप-दीप प्रज्वलित कर प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा सरस्वती वंदना, अजय वर्मा द्वारा गुरु वंदना व राज गीत लखेश्वर साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्रमशः सेवानिवृत्त व्याख्याता बीव्हीआर मूर्ति सहित उपस्थित अतिथियों एचएस वर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व डायरेक्टर सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी, आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग, मंजू पसीने सेवानिवृत प्राचार्य डाइट अछोटी दुर्ग सहित जिले के वरिष्ठ प्राचार्यों का कला शिक्षकों द्वारा पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया गया । श्री मूर्ति के सानिध्य में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए देवेन्द्र कुमार बंछोर, राम कुमार वर्मा, द्रोण कुमार सार्वा, पुष्पा चौधरी बालोद ने शिक्षा के साथ स्थानीय संस्कृति को जोड़ने कला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेने,शैक्षिक नवाचारों में सहभागिता के अनुभव को व्यक्त करते हुए कहा गया कि उन्हें इस दिशा में काफी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। इस जिले के शिक्षकों में उत्साह का संचार होने के साथ ही स्कूली शिक्षा में छत्तीसगढ़ी भाषा, लोक साहित्य और विलुप्त होती कला विधओं को समृद्ध करने की दिशा में सक्रिय कार्य किया है। इसमें आगे भी सतत मार्गदर्शन देने की आग्रह किया गया।

■ सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन

16वीं पुण्यतिथि
श्रद्धासुमन अर्पित
दिनांक 14 मई 2024
ऋषभ मौर्य सौरभ मौर्य
यह सच है कि दुनियां में, सदा रहता नहीं कोई
लेकिन जैसे गये तुम, वैसे जाता नहीं हर कोई...
शोकाकुल परिवार
नंदकुमार मौर्य- आरती मौर्य (पापा-मम्मी), सुमीत मौर्य- अनुपम मौर्य (भईया-भाभी), प्रतीक मौर्य- अनुराधा मौर्य (भईया-भाभी), आन्या मौर्य, शिव्या मौर्य (भतीजी), अर्पित मौर्य, अंजनेष मौर्य (भाई), संतकुमार मौर्य- भारती मौर्य (चाचा-चाची जी), रामकुमार मौर्य- संगीता मौर्य (चाचा-चाची जी) अमिषा, कनिका, निकिता (सभी बहन), गीता मौर्य (बुआ) एवं समस्त मौर्य परिवार

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी - कु.श्वेता ठाकुर)
संमंस
(अन्तर्गत आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
भगवान सिंह विरूद्ध प्रतापसिंह वगैरह
व्य.वाद.क्र.- 133अ/2024
आदेश दिनांक- 04/05/2024
पेशी तारीख- 29/07/2024
प्रोसेस क्रं.- 623/24
इस न्यायालय में वादी भगवान सिंह ने प्रतिवादी गण प्रताप सिंह वगैरह के खिलाफ एक वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा खाता विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा का पेश किया जिसका व्यवहार वाद क्र.- 133अ/2023 है, जिसमें प्रतिवादी गण प्रताप सिंह आ. स्व. ईश्वर सिंह निवासी मकान नंबर 475/सी.बी.एम.वाय चरौदा भिलाई तहसील पाटन जिला दुर्ग, श्रीमती दीपा सिंह आ. स्व. ओंकार सिंह पति रूपेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम भठरूसे पो.आ. सेहमल्गी पंडरिया जिला कबीरधाम, प्रतिभा सिंह पिता ओंकार सिंह ठाकुर, वर्षा सिंह पिता स्व. ओंकार सिंह, ऋतु सिंह पिता ओंकार सिंह निवासी वार्ड नंबर 18 चरौदा भिलाई तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 29/07/2024 निर्धारित है, जिस किसी को उक्त मामला में आपत्ति हो तो वह सुनवाई तिथि को सुबह 11.00 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, यदि कारणवश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।
आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
(कु. श्वेता ठाकुर)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय- रंजू राउतराय तृतीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
प्रोसेस क्रमांक- 601/2024,
प्रकरण क्रमांक- 290/2022
पक्षकार- शशि दामले विरुद्ध संदीप दामले
पेशी तिथि-13/06/2024
// समंस //
आवेदिका- श्रीमती शशि दामले पति संदीप दामले, उम्र- 37 वर्ष, निवासी- द्वारा पिता- श्री विरेन्द्र कुमार टके, क्वार्टर नंबर- 14/बी, सड़क नं.- 25, सेक्टर- 07, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) 490006 मो.नं.- 7067214394
बनाम
अनावेदक- संदीप दामले पिता गौतम दामले, उम्र- लगभग 40 वर्ष, निवासी- दक्षिण वसुंधरा नगर, भिलाई- 03, खूबचंद बघेल कॉलेज के पास, थाना- भिलाई- 03, तह.- पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.) 490025
उपरोक्त आवेदिका ने अनावेदक के विरूद्ध धारा-13 (1) (1- क) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।
आपको इस समंस के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आपको उक्त आवेदन के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 13/06/2024 को दिन के 11:00 बजे, स्वयं या ऐसे वकील के माध्यम से, जिन्हें प्रकरण के तथ्यों से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो, जो ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, के लिए हाजिर हो और आप को ऐसे सभी दस्तावेजों व गवाही को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, जिन पर आप अपने बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों।
यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नही होती है अथवा नियत तिथि पर न्यायाधीश अवकाश पर रहते हैं, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नही होती है, तो उसके पश्चातवर्ती तिथि में आवेदन की सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय रूप से आवेदक के आवेदन का निराकरण किया जायेगा।
आज दिनांक 08/05/2024 को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
(रंजू राउतराय)
तृतीय अति. प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालयः- (शेख अशरफ) प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)
प्रकरण क्रमांक- R.C.A. 16/2024
प्रोसेस क्र. 722/24, पेशी दिनांक 28.06.24
सविता कुल्हारे // विरूध्द // आम जनता वगैरह
प्रति, आम जनता,
जो कि अपीलार्थी सविता कुल्हारे, आ. गोदूराम, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम गिदरी तहसील छुरिया जिला-राजनांदगांव, द्वारा मृतक स्व. अहिल्या बाई चुरेन्द्र पति स्व. श्री मन्नुलाल चुरेन्द्र के नाम से उत्तरवादीगण आम जनता व अन्य के यहां जमा राशि की प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 28.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।
आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दें सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है. आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।
यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोटः- यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है या
कार्य स्थगित होता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जाते हैं तब प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी।
यह सूचना आज दिनांक 03.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
न्यायाधीश
(शेख अशरफ)
प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चे दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

सीबीएसई परीक्षा परिणाम : विभिन्न स्कूलों के मेधावी बच्चों ने किया नाम रोशन

ट्विनसिटी के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

सीबीएसई बारहवीं-दसवीं बोर्ड में ट्विनसिटी के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। सीबीएसई पेटर्न के निजी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों ने अपने स्कूलों में अच्छे अंक प्राप्त करते हुए न केवल स्कूल का बल्कि अपने माता-पिता को भी नाम रोशन किया है। नामी स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस बार भी पिछली बार की तरह उच्च अंक लेकर डंका बजाया है। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में ज्यादातर विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। वहीं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में ज्यादातर स्कूलों का रिजल्ट 100 फीसदी तक रहा है। विद्यार्थियों के इस बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधकों में जश्न का माहौल है। विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधकों , संचालकों व शिक्षकों का बधाई देने का दौर भी चल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता को कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम द्वारा प्रस्तुत की। विद्यालय में कुल 264 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें विद्यालय में 18 छात्रें ने 90 प्रतिश तथा 59 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक प्राप्त किया । इसमें विज्ञान संकाय में 136 विद्यार्थी, वाणिज्य संकाय में 106 तथा कला संकाय में 22 के विद्यार्थी शामिल थे। विद्यालय में कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय से आरूषी जैन ने 95.6 प्रतिशत अधिकतम अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है । इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर विज्ञान संकाय से शुभ अग्रवाल ने 94.8 प्रतिशत अधिकतम अंक प्राप्त किए । तृतीय स्थान पर वाणिज्य संकाय से वेदांत जैन ने 94.8 प्रतिशत तथा प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया ।

डीपीएस दुर्ग कक्षा बारहवीं 2023-24 के परीक्षा परिणाम से श्रेष्ठता साबित की

डीपीएस दुर्ग सीबीएसई कक्षा 10वीं 2023-24 का परीक्षा परिणाम सराहनीय

भिलाई। दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के छात्रों ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर अपना लोहा मनवाया। विद्यालय में कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा । विद्यालय में कुल 272 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 223 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 36 छात्रों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए । 83 छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया । 28 छात्रों ने 75 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा 76 छात्रों ने 60 से 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय में छात्र वत्सला जिदंल ने 98.0 प्रतिशत अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेया रॉय ने 97.8 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा शौर्य मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है ।

'उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम'



भिलाई। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम 2024 घोषित हुआ। जिसमें शकुन्तला विद्यालय, रामनगर भिलाई ने हमेशा की तरह 'कम व्यय सर्वोत्त्म शिक्षा' के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर पालकों का विश्वास बनाये रखा। 2023-24 में इस विद्यालय के कक्षा 12 में कुल 252 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं परीक्षा परिणाम 94.4 प्रतिशत रहा तथा कक्षा 10 में 214 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमें परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। अर्श मिश्रा 96.6 प्रतिशत प्राप्त कर अंगेजी 95, गणित 93, भौतिकी 95, रसायन 100, कम्प्यूटर सांइस 100 शाला में प्रथम स्थान, भूमिका सिंह 95.6 द्वितीय स्थान पर एवं आयुष यादव 94.8 के साथ तृतीय स्थान, काव्या शर्मा 94.6 चौथे एवं अभय विश्वकर्मा 93.2 के साथ पांचवें स्थान पर रहें। इसी क्रम में शाला में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 11 विद्यार्थी रहे । इसीक्रम में कक्षा 10वीं में अमन कुमार सिंह 95.8 के साथ प्रथम, विधी टोरले 93.8 द्वितीय, सृष्टि चौधरी 93.4 तृतीय, आदर्श विश्वकर्मा 92.8 चौथा, आदित्य चौरसिया 92.2 प्रतिशत के साथ पॉचवे स्थान पर रहे । उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने प्राचार्य विपिन कुमार, उपप्राचार्या एवं संबंधित शिक्षको को बधाई दी। वहीं प्रबंधक ममता ओझा शारदा विद्यालय रिसाली एवं अन्य इंजार्च एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

'कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा' के माध्यम से पालकों का विश्वास बनाए रखा

भिलाई। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा तथा सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें शारदा विद्यालय, रिसाली सेक्टर ने हमेशा की तरह 'कम व्यय सर्वोत्त्म शिक्षा' के माध्यम से उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर पालकों का विश्वास बनाए रखा। 2023-24 में इस विद्यालय से कक्षा बारहवीं में कुल 132 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसका परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा तथा कक्षा दसवीं में 122 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसका परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं से वेदिका साहू 95.4 (वाणिज्य संकाय) प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रही। इसी के साथ आन्या चन्द्रनाहू 88.2 (वाणिज्य संकाय) द्वितीय स्थान तथा कु.रूचि छुरा 86.6 (जीवविज्ञान संकाय) तृतीय स्थान पर रहीं। इसी कड़ी में कक्षा 10वीं से वैभवी वर्मा 96.2 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान पर रही, तथा प्रगति ओझा 95.2 द्वितीय स्थान एवं चंचल महिलांगे 93.2 तृतीय स्थान पर रही। गणित में 99, विज्ञान 99, सामाजिक विज्ञान 97, अंग्रेजी में 95, हिन्दी में 95, आईटी 94, एआई 96 सर्वोत्तम अंक रहे। उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने प्राचार्या एवं संबंधित शिक्षक/शिक्षिकाओं को बधाई दी। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी विपिन ओझा, शारदा विद्यालय, रिसाली से मैनेजर ममता ओझा, विद्यालय प्राचार्या सुतापा सरकार, समस्त इंचार्ज तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सामूहिक रूप से सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

केएच मेमोरियल स्कूल के स्टूडेंट्स ने परचम लहराया

भिलाई। सीबीएसई बोर्ड ने 13 मई को दसवीं एवं 12वीं के रिजल्ट घोषित किया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संचालित केएच मेमोरियल स्कूल के स्टूडेंट्स ने फिर एक बार जबरदस्त सफलता प्राप्त की है। 95% स्टूडेंट्स सफल हुए हैं। कक्षा 12वीं में 30 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किया है। साईंस ग्रुप में सालायु मोहित कुमार, आर्यन मिश्रा, आर्यन विश्वकर्मा, विनीता बडबंधा, शिवकुमार भूटे, वर्षा वर्मा, पी सर्यू, नंदिनी जंघेल, टी मुरली कृष्ण, साक्षी साहू, बायो ग्रुप में प्राची कुशवाहा, कुशाल देवांगन, खुशबू राय, कनक साव, गीतांश चंद्राकर, साना आरजू, साक्षी साव, श्रद्धा जायसवाल, राहुल दुबे, ए ममता और कामर्स ग्रुप में संस्कार जायसवाल, वरुण वर्मा, रोशन नाग, आनंद शुक्ला, अंजलि प्रसाद, टी विशाल, अमन द्विवेदी, अभिषेक सिंह ने सफलता प्राप्त की है। इसी तरह कक्षा दसवीं के स्टूडेंट्स दिव्यांश कुमार, शीतलपति, ईशा सूर्यवंशी, तान्या भगत, आकांक्षा दुबे, वेदांत फाय, वासु मौर्या और काजल साहू ने 90% से ऊपर लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्टूडेंट्स की इस सफलता पर प्रिंसिपल विभा झा ने खुशी जताते हुए कहा कि स्टूडेंट्स ने अपना,अपने परिवार का और स्कूल का मान बढ़ाया है। वह अपने आप को काफी गौरान्वित महसूस कर रही हैं। स्टूडेंट्स की इस सफलता का श्रेय उन्होंने स्टूडेंट्स को उनकी मेहनत के साथ-साथ स्कूल की टीचर्स एवं पैरेंट्स को भी दिया।

मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भिलाई। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 में मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तनीषा देवांगन ने 95.4% लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया , द्वितीय स्थान पर रोशनी साहू 88.2%, सम्यक जैन 88.2%, क्रिशल सुकदेव 88.2% और सक्षम पासवान 88.2% पर अपना स्थान सुरक्षित किया। अभिषेक सिंह 87.6%, अंजलि कुर्रे 86.6% , कनिष्का वैष्णव 85.6%,अनुष्का गौतम 85.2% , आर्यन सिंह 85% और ओजस्वी महिपाल 83.8% प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का संयुक्त प्रयास और प्राचार्या के सक्षम मार्गदर्शन से परिणाम उत्साह जनक और सराहनीय रहा। विद्यार्थियों को उनके अच्छे परिणाम के लिए संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण, प्रबंधक बंधु एस सजीव, एस साजन विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ. संजीत थंबी उप प्राचार्या डॉ बीना संजीव , प्रधान अध्यापिका निशि साजन और विद्यालय परिवार ने छात्रों को उनके इस सफलता पर बधाई दिया।

आरपीएस के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

भिलाई। आरपीएस के प्राचार्य राजीव कुमार ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि वह भविष्य में भी इस तरह के उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए छात्रों और शिक्षकों के बीच इसी भावना के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद एवं प्रयास करेंगे। उपप्रधानाचार्या, दीप्ति सिंह ने भी उत्कृष्ट छात्रों के साथ-साथ उनके परिजनों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।वहीं रुंगटा पब्लिक स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम भिलाई के अग्रणीय शैक्षणिक संस्था 'संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में संचालित 'रुंगटा पब्लिक स्कूल' सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का सीबीएसई 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम रहा। जिनमें कक्षा 10 वीं की छात्रा प्रिशा श्रीवास्तव ने 93 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान और वीर जैन 91% प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। साथ ही कक्षा 12 के नतीजे भी 13 मई 2024 को ही घोषित किए गए । 10वीं की तरह 12 वीं के भी विद्यार्थियों ने बाजी मारी। कक्षा 12 वीं के दिव्यम अग्रवाल ने 94.5% प्रतिशत तथा आन्या जैन ने 91% के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। सभी विद्यार्थियों के उत्तम परीक्षा परिणाम से छात्रों, अभिभावको, स्कूल प्रबन्धक सहित शिक्षकों में भी खुशी की लहर दौड़ गई । एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने उत्कृष्ट परिणाम हेतु छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक एवं विद्यार्थियों का आपसी सहयोग एवं कड़ी परिश्रम ही रंग लाई। विद्यार्थियों ने इतना अच्छा परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है ।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

भिलाई। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कुल 152 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय पल्लवी सोनी ने सर्वाधिक 465 अंक एवं 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में अक्षरा आर्या 96.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रही। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि मैंने विद्यालय में आकर सबसे पहले शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम को ही अपना लक्ष्य बनाया था। प्रत्येक कमजोर छात्र को शिक्षकों ने व्यक्तिगत ध्यान देकर पढ़ाया। परीक्षा विभाग के साथ-साथ मैं स्वयं ऐसे छात्रों के संपर्क में रहा अभिभावकों को बुलाया गया। छुट्टियों के दौरान भी हमने कक्षाएं ली। कुछ अभिभावक इस बात से नाराज भी होते थे किंतु परीक्षा का परिणाम देखने के बाद सभी प्रसन्न है। मैं इस अवसर पर शिक्षकों छात्रों एवं अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। पिछले वर्ष का हमारा परीक्षा परिणाम मात्र 76.92% रहा था इसलिए इस बार हमने विशेष सावधानी बरती।

डीपीएस भिलाई के शुभर्व का सुयश

सीबीएससी दसवीं बोर्ड की परीक्षा में डीपीएस भिलाई के प्रतिभाशाली छात्र शुभर्व ताम्रकार ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर फोर्थ रैंक हासिल किया है। उनके पिता विनय कुमार ताम्रकार रायपुर में एयरपोर्ट अधिकारी और मां यामिनी ताम्रकार भिलाई इस्पात संयंत्र में उप महाप्रबंधक हैं।

डीपीएस भिलाई के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



भिलाई। दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई सीबीएसई क्लास 10 वीं के टॉपर्स हैं जय गनशानी 98.4, शुभ भैया 98.4, आस्था सिंह 98.4, विभु दीवान 98.2, योशिता महतो 98, विभोर अनंत सोनटेके 98, परशु सिरवैया 98, शुभराव ताम्रकार 97.8, अरेफा फातिमा खान 97.8, तन्मय परघनिया 97.6, अथर्व ठाकुर 97.6, भाव्यांश अग्रवाल 97.6, पूर्वा गुप्ता 97.6 प्रतिशत रहा। वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई सीबीएसई क्लास 12 वीं के टॉपर्स श्रुति अग्रवाल 98.40, सियाराय 98, मूणल कुलकर्णी 97.20, आदित्य कुमार सिन्हा 96.80, अर्थ अग्रवाल 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्कूल के प्रबंधकों व संचालकों ने बधाई दी। वहीं बच्चों ने अच्छे परिणाम लाकर अपने स्कूलों व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है।

बीएसपी स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

भिलाई। कक्षा बारहवीं की परीक्षा मेंए सीबीएसई से संबद्ध 02 बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से 561 छात्र शामिल हुए थे। इस परीक्षा में शामिल वद्यिार्थियों में कुल 94.12 प्रतिशत वद्यिार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर.10 से 12 तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर 7 से 2 वद्यिार्थियों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सत्र 2023-24 के लिए स्कूलवार परिणाम इस प्रकार हैंरू अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर 7 से 240 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिनका परिणाम 91.25 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर.10 से 321 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिनका परिणाम 96.26 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सीबीएसई से संबद्ध 02 बीएसपी स्कूलों से 561 वद्यिार्थियों ने भाग लियाए जिसमें से 340 वद्यिार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बीएसपी स्कूलों के बारहवीं कक्षा के 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इन छात्रों की सूची इस प्रकार है रू एसएसएस.10 से अक्षत द्विवेदीए अक्षत मिश्रा, यशस्वी, आदिया जॉर्जए, पीयूष वर्मा, देबंजन मजूमदार, सुमित कुमार सिंह, साहिल देवांगन, रोहित कुमार, श्रेया मधु, भावना बारले तथा सौरभ सिन्हा। एसएसएस.7 से अन्नू यादव तथा सृष्टि अहीर ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केंद्रीय माध्यमिक शक्षिा बोर्ड ने 13 मई 2024 को ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एक्ज़ाम 2023-24 कक्षा.दसवीं का परिणाम घोषित किया है। इस परीक्षा में दो सीबीएसई संबद्ध बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से 536 वद्यिार्थी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में शामिल वद्यिार्थियों में कुल 93.66 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर.10 से 12 वद्यिार्थियों तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर 7 से 1 छात्र ने 90ः और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर.07 से 219 छात्र परीक्षा में शामिल हुएए जिनका परिणाम 85ण्39 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर.10 से 317 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिनका परिणाम 99ण्37 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सीबीएसई से संबद्ध 02 बीएसपी स्कूलों से 536 वद्यिार्थियों ने भाग लियाए जिसमें से 231 वद्यिार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बीएसपी स्कूलों के दसवी कक्षा में 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले वद्यिार्थियों के नाम इस प्रकार हैं रू एसएसएस.10 से वर्निका यादवए एस ज्योत्सनाए आयुष कुमार यादवए शुभम चौधरीए अनामिका कुमारीए डैनिका मरियम जैकबए अरहम कोठारीए सत्यम कुम्भकारए वेदिका रावए भाविक शर्माए हर्ष कुमार ठाकुर तथा सजल कुमार हिरवानी। एसएसएस.7 से नील भोंसले ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

वैजयंती माला के पुराने...

लाइव इवेंट

बच्चे माता-पिता को प्रणाम करने का नियम बनाएं

दुर्ग। दादावाड़ी मालवीय नगर पार्क में दामिनी वैलनेस सेंटर एवं आयुर्वेद दलआर्य नगर के संयुक्त तत्वावधान में बीपी शुगर नियंत्रण पर शिविर का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम के आध्यात्मिक सत्र को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा बच्चों को माता-पिता का आदर करना चाहिए प्रतिदिन माता-पिता को प्रणाम करने से उम्र और विद्या बढ़ती है ऐसा शास्त्रों में लिखा है। माता-पिता बच्चों को अच्छी आदतों को सिखाएं । अच्छी आदतों एवं अच्छे विचारों से व्यक्ति का जीवन अच्छा बनता है।

मनोज आर्य ने बताया कि शिविर में उपस्थित बच्चों युवाओं एवं युवतियों ने आज विशेष रूप से श्वसन एवं शवासन का अभ्यास किया । शवासन देखने में यूं तो बेहद आसान लगता है लेकिन यह इतना सरल योगासन नहीं है। इसमें सांस किस तरह ली जा रही है । इसपर ध्यान देना बेहद जरूरी है।सबसे पहले जमीन पर मैट बिछाकर लेट जाएं। ध्यान दें कि आपकी रीढ़ सीधी हो और कंधे जमीन से लगे हुए हों।रोजाना शवासन करने पर पूरे शरीर की सेहत अच्छी होती है।

इस योगासन को करने पर कब्ज जैसी दिक्कतों से छुटकारा मिल सकता है।शवासन ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करता है और इससे दिमाग तक बेहतर तरीके से रक्तसंचार होता है।शवासन करने पर पीठ के दर्द से छुटकारा मिलता है। दामिनी वैलनेस सेंटर के मनोज आर्य ने कहा दिनचर्या को संतुलित करके रक्तचाप एवं मधुमेह जैसी बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

आर्य वीर दल से संजय आर्य कृष्णमूर्ति आर्य हिमांशु अंकित शिवम आरुष रोमेश रितेश राहुल एवं आर्य वीरांगना दल से साक्षी आर्या किरण आर्या प्रियंका , आर्या देशमुख, राजलक्ष्मी वेदिका स्वाति वेदांशि आदि कार्यक्रम में सहयोगी बने। कृष्णमूर्ति ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

सिटी इवेंट

रामा एफसी रायपुर ने की 3-1 से जीत दर्ज

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट थर्ड मेंस फुटबॉल लीग 2024 के अंतर्गत सोमवार को भिलाई में दो मैच खेले गये पहला मैच शांतिनगर दशहरा मैदान में शाम 4 बजे रामा एफसी रायपुर एवं शेरा एफसी रायपुर के मध्य मैच खेला गया जिसमें रामा एफसी रायपुर ने 3 - 1 से जीत दर्ज किया।

रामा एफसी की ओर से पहला गोल जर्सी नंबर 29 दीपक कुमार ने खेल के 19 वें मिनट में किया।

40 वें मिनट में शेरा एफसी के जर्सी 5 आकाश पटवा ने अपने ही गोल में आत्मघाती (ओन गोल) कर रामा एफसी की बढ़त को 2 - 0 कर दिया। मधयांतर तक रामा एफसी ने 2 - 0 की बढ़त बना लिया।

मधयांतर के बाद शेरा एफसी के जर्सी नंबर 4 अंशुल सागर ने खेल के 71 वें मिनट में एक गोल कर अंतर को कम किया।

खेल के 74 वें मिनट में रामा एफसी के जर्सी नंबर 7 जतिन ने अपना पहला एवं टीम के लिये तीसरा गोल किया। इस तरह रामा एफसी ने 3 - 1 गोल से जीत दर्ज किया।

दूसरा मैच पंत स्टेडियम में 4 बजे से रोवर्स एफसी भिलाई एवं आरकेएम नारायणपुर खेला गया जिसमें आरकेएम नारायणपुर 7 - 1 से जीत दर्ज किया।

शांती नगर में खेले गये मैच में आज के मुख्य अतिथि ललित मोहन पूर्व पार्षद थे जिन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया।

● साइंस कॉलेज की बायो रिसर्च सेंटर में खुलासा

डायबिटीज और लीवर के देशी उपचार में इस्तेमाल पौधे गर्मियों में करते हैं दोगुना असर

बायो रिसोर्स सेंटरभिलाई के अनुसार आयुर्वेदिक दवाइयों के उपयोग से पुरानी से पुरानी बीमारियों को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाली जड़ी-बूटी औषधीय पौधों से ली जाती है। अब दुर्ग साइंस कॉलेज की बायो रिसोर्स प्रयोगशाला में हुई एक रिसर्च में खुलासा हुआ है कि जिन दवाइयों में औषधीय पौधों का उपयोग होता है, उसमें मौसम या ऋतु बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करते हैं। रिसर्च में पाया गया कि गर्मी के मौसम में यह औषधीय पौधे दवाइयों के लिए अधिक कारगार होते हैं। गर्मी में इन पौधों के मॉलीक्यूल काफी बढ़ जाते हैं। जिससे दवा अधिक प्रभावी ढंग से बीमारी पर काम करती है।

भिलाई

दुर्ग साइंस कॉलेज ने औषधीय पौधा बेरिडेलिया रेटुसा पर रिसर्च की, जिसमें देखा गया कि सर्दियों में इस पौधे में सबसे कम मॉलीक्यूल पाए गए, जबकि गर्मी में मॉलीक्यूल की मात्रा तीन गुना हो गई। परीक्षण में सामने आया कि रेटुसा के पौधे में सर्दियों में 23 औषधीय तत्व मिले, वहीं गर्मी में औषधीय तत्व बढक़र 35 हो गए। सबसे कम पतझड़ में पौधे ने एंटी ऑक्सीडेंट और औषधीय मॉलीक्यूल रिलीज किया।

रिसर्च में हुआ खुलासा

रिसर्च के दौरान इस पौधे का एंटी ऑक्सीडेंट गुण भी निकला गया जिसमें पाया गया कि गर्मी के मौसम में औषधीय पौधे सबसे ज्यादा एंटी ऑक्सीडेंट रिलीज करते हैं। साइंस कॉलेज के बायो रिसोर्स केंद्र ने कहा है कि अकसर वैद्य जिन औषधीय पौधों से विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं, उसमें भी मौसम का किरदार बेहद अहम होता है। कुल मिलाकर औषधीय पौधों से बनी दवाइयां शरीर पर कितना असर करेंगी, यह उसके एंटी ऑक्सीडेंट और अन्य मॉलीक्यूल तय करते हैं, जबकि इसकी मात्रा मौसम से निर्धारित होती है। शोधार्थियों का कहना है कि ऐसे में जरूरी हो जाता है कि औषधीय कार्य के लिए उपयोग से पहले इन पौधों का वैज्ञानिक परीक्षण किया जाए। ऐसा नहीं करने पर इससे तैयार हुई दवाइयां मानव शरीर पर असर नहीं करेंगी। इस शोध में कॉलेज की बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सोमेंद्र कुमार काम कर रहे हैं। बता दें कि बेरिडेलिया रेटुसा का पौधा लीवर व डायबिटीज की दवाई बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

किसानों को देंगे प्रशिक्षणसाइंस कॉलेज प्रदेश का इकलौता संस्थान है, जो अपने स्टूडेंट्स के साथ-साथ संभाग के किसानों को फार्मिंग में स्किल्ड बनाएगा। कॉलेज ने अपनी खाली जमीन के टुकड़े का इस्तेमाल करते हुए खास बायो रिसोर्स कॉम्पलैक्स तैयार किया है, जिसमें अब स्टूडेंट्स और किसान वर्मी कंपोस्ट बनाने से लेकर फिश कल्चर टेक्नोलॉजी सीखेंगे। छोटे तालाबों में मछली पालन करने के लिए उन्हें ब्रिडिंग कल्चर करने जैसी बहुत सी जानकारियां मुफ्त में दी जाएंगी। अभी तक फिशरीज की बारीकियां सीखने कामधेनु विवि का रुख करना होता था, लेकिन जल्द ही साइंस कॉलेज भी इसका प्रशिक्षण देगा।

रिसर्च में हुआ खुलासा

रिसर्च के दौरान इस पौधे का एंटी ऑक्सीडेंट गुण भी निकला गया जिसमें पाया गया कि गर्मी के मौसम में औषधीय पौधे सबसे ज्यादा एंटी ऑक्सीडेंट रिलीज करते हैं। साइंस कॉलेज के बायो रिसोर्स केंद्र ने कहा है कि अकसर वैद्य जिन औषधीय पौधों से विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं, उसमें भी मौसम का किरदार बेहद अहम होता है। कुल मिलाकर औषधीय पौधों से बनी दवाइयां शरीर पर कितना असर करेंगी, यह उसके एंटी ऑक्सीडेंट और अन्य मॉलीक्यूल तय करते हैं, जबकि इसकी मात्रा मौसम से निर्धारित होती है। शोधार्थियों का कहना है कि ऐसे में जरूरी हो जाता है कि औषधीय कार्य के लिए उपयोग से पहले इन पौधों का वैज्ञानिक परीक्षण किया जाए। ऐसा नहीं करने पर इससे तैयार हुई दवाइयां मानव शरीर पर असर नहीं करेंगी। इस शोध में कॉलेज की बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सोमेंद्र कुमार काम कर रहे हैं। बता दें कि बेरिडेलिया रेटुसा का पौधा लीवर व डायबिटीज की दवाई बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। किसानों को देंगे प्रशिक्षणसाइंस कॉलेज प्रदेश का इकलौता संस्थान है, जो अपने स्टूडेंट्स के साथ-साथ संभाग के किसानों को फार्मिंग में स्किल्ड बनाएगा। कॉलेज ने अपनी खाली जमीन के टुकड़े का इस्तेमाल करते हुए खास बायो रिसोर्स कॉम्पलैक्स तैयार किया है, जिसमें अब स्टूडेंट्स और किसान वर्मी कंपोस्ट बनाने से लेकर फिश कल्चर टेक्नोलॉजी सीखेंगे। छोटे तालाबों में मछली पालन करने के लिए उन्हें ब्रिडिंग कल्चर करने जैसी बहुत सी जानकारियां मुफ्त में दी जाएंगी। अभी तक फिशरीज की बारीकियां सीखने कामधेनु विवि का रुख करना होता था, लेकिन जल्द ही साइंस कॉलेज भी इसका प्रशिक्षण देगा।

जारी है शोध : बायो रिसोर्स सेंटर में औषधीय पौधों पर विभिन्न शोध जारी है। इनमें से एक रिसर्च में पाया गया है कि औषधीय पौधों के मॉलीक्यूल्स पर मौसम का भी प्रभाव पड़ता है। औषधीय पौधों में सबसे ज्यादा गर्मी में एंटी ऑक्सीडेंट व मेडिशनल मॉलीक्यूल मिलते हैं। इसलिए इसने तैयार दवाइयां गर्मी के मौसम में अधिक प्रभावी साबित होती है।

- **डॉ. अनिल श्रीवास्तव,** इंचार्ज, बायो रिसोर्स सेंटर

प्रदेश के दिग्गज खिलाड़ियों का 64 खानों के बीच होगा कड़ा मुकाबला

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से पिथौरा के अग्रसेन भवन में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला व पुरुष की राज्य चयन स्पर्धा कराई जाएगी।

राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे व आयोजन समिति के संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य की

■ 7 जून से बिछेगी पिथौरा में शतरंज की बिसात

प्रतिष्ठित सीनियर स्पर्धा है जिसे ऑल इंडिया चेस फेडरेशन द्वारा फीडे रेटिंग की मान्यता दी गई है।इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश की टीम बनेगी जिसमें महिला व पुरुष वर्गो से अलग -अलग टॉप 4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चयन स्पर्धा के लिए किया जावेगा।

यह राज्य चयन स्पर्धा 9 चक्रों में अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ के नाम से ए आई सी एफ आई डी , ऑल इंडिया चेस फेडरेशन व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ से 2024 का जीवित पंजीयन आवश्यक है। स्पर्धा हेतु विस्तृत जानकारी के लिए खिलाड़ी राज्य शतरंज संघ द्वारा जारी ब्रोशर अथवा वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। स्पर्धा में कुल 85000 की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप खिलाड़ियों को दिए जायेंगे।

पुरस्कार का विवरण इस प्रकार है: मुख्य पुरस्कार के तहत पहला 12000 व ट्रॉफी, दूसरा 10000 व ट्रॉफी,तीसरा 8000 व ट्रॉफी,चौथा 6000 व ट्रॉफी , पांचवां से छठवां तक 4000- 4 000 व मेडल तथा सातवां से दसवां तक 2000 -2000 व मेडल ।

वूमेन कैटेगरी में : पहला 7000 व ट्रॉफी,दूसरा 5000 व ट्रॉफी,तीसरा 4000 व ट्रॉफी तथा पांचवां से आठवां तक 2000 -2000 व मेडल । इसके अलावा विशेष पुरस्कार के अंतर्गत बेस्ट महासमुंद को 2000 व मेडल,बेस्ट बस्तर संभाग 2000 व मेडल,बेस्ट सरगुजा संभाग 2000 व मेडल ,बेस्ट वेटरन 2000 व मेडल,स्पेशली एबल 2000 व मेडल ,यंगेस्ट प्लेयर 2000 व मेडल विजेताओं को इनाम स्वरूप दिए जायेंगे।

पौधा भेंट कर कर्मचारियों ने कलेक्टर का जताया आभार

भिलाई। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी का भीषण गर्मी एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में दुर्ग लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करने के लिए दुर्ग जिला के कर्मचारी अधिकारी संगठनों की ओर से जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन एवं मतदान कार्य में संलग्न कर्मचारियों तथा अधिकारियों के प्रति महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी को पौधा भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। चुनाव ड्यूटी में वैशाली नगर विधान सभा में मतदान अधिकारी की ड्यूटी कर घर वापसी के समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती मधु बंजारे के प्रति शोक व्यक्त करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को 15 लाख रुपए अनुग्रह प्रतिकर राशि प्रदान करने का ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह राजपूत, सुनील यादव, मोहसिन अली,ईश्वर लाल सोनी,किरण चांदवानी,राजेंद्र दमोहे,केशव राजपूत,खम्मन दास मानिकपुरी एवं खिलेश जांगड़े सम्मलित थे।

कार्नर न्यूज

नर्सिंग स्टाफ की बदौलत ही ठीक होकर लौटते हैं मरीज : विजय बघेल

सेवाभावी नर्सिंग स्टॉफ को समारोह में किया सम्मानित, हुईं कई प्रस्तुतियां

भिलाई। स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में नर्सिंग स्टाफ की बड़ी भूमिका होती है. जहां चिकित्सक का काम खत्म होता है वहां इनकी जिम्मेदारी शुरू हो जाती है. एक पारिवारिक सदस्य की तरह रोगी से जुड़कर वे न केवल उनकी सेवा करती हैं बल्कि हौसला भी बढ़ाती हैं. यह एक कठिन कार्य है जिसके लिए प्रतिदिन उनका सम्मान होना चाहिए. उक्त बातें सांसद विजय बघेल ने हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित नर्सेस डे सम्मान समारोह में कहीं.

श्री बघेल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्रीमिया युद्ध के दौरान आपात स्थितियों में बहन फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग सेवा की नींव रखी. उनके जन्मदिवस पर 12 मई को नर्स बहनों का सम्मान किया जाता है. उन्होंने नर्सिंग से जुड़े सभी भाई-बहनों एवं चिकित्सकों तथा प्रबंधन के सदस्यों को भी अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे की शुभकामनाएं दीं.

समारोह के अतिथि छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अमित साहू ने अस्पताल की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि हाइटेक अस्पताल द्वारा इस अंचल के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. इस कार्य में वे भी सहभागी बनना चाहेंगे तथा जिस भी स्तर पर उनकी जरूरत होगी वे हमेशा साथ खड़े नजर आएंगे.

हाइटेक हॉस्पिटल के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने इस अवसर पर चिकित्सकों और नर्सों के साथ ही सभी पैरामेडिकल स्टाफ को नर्सेस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इस टीम ने बहुत अच्छा काम किया और आशातीत नतीजे भी दिए. उन्होंने कहा कि सेवा का मार्ग कठिन हो सकता है पर जिस लगन और निष्ठा के साथ हाईटेक परिवार काम कर रहा है, उसके और भी अच्छे नतीजे निकट भविष्य में देखने को मिलेंगे.

आरंभ में अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ रंजन सेनगुप्ता ने स्वागत भाषण दिया. उन्होंने अस्पताल के चार साल की यात्रा का जिक्र करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों को भी रेखांकित किया. समारोह को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ नचिकेत दीक्षित, डॉ नविल कुमार शर्मा, डॉ मिथिलेश यदु, नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती रजनी सजी, आदि ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ द्वारा लगभग डेढ़ घंटे तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

सिटी इवेंट

रूंगटा रेयर अवॉर्ड में रिसर्च फैकल्टी को मिले 15 लाख रुपए के पुरस्कार

भिलाई । शोध और शोधार्थियों को आगे बढ़ाने के मकसद से शनिवार को संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस (आर-1) में रूंगटा अवॉर्ड फॉर रिसर्च एक्सीलेंस 'रेयर अवॉर्ड दिए गए। समाजिक हितों में शोध कार्य करने वाली कॉलेज की 38 फैकल्टी को कार्यक्रम में 15 लाख रुपए के पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमके वर्मा थे। उन्होंने कहा कि अपने शोध को प्रोडक्ट समझते हुए अब शोधार्थियों को आंत्रप्रेन्योरशिप की ओर बढऩा चाहिए। कुलपति ने रूंगटा आर-1 समूह में चल रहे रिसर्च प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए रूंगटा ग्रुप को कॉलेज से आगे बढ़कर यूनिवर्सिटी का दर्जा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि रूंगटा समूह में ऐसी फैकल्टी भी हैं, जिनको दुनिया के शीर्ष दो फीसदी साइंटिस्ट की सूची में शामिल किया गया है। रूंगटा समूह चेयरमैन संतोष रूंगटा ने रेयर पुरस्कार के हकदार बने सभी फैकल्टी की सराहना करते हुए लगातार नए रिसर्च की ओर बढऩे प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर आरएंडडी डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि एक साल में रूंगटा समूह को रिसर्च के लिए विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों से 3.25 करोड़ रुपए का अनुदान मिला है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसी तरह रिसर्च पब्लिकेशन में फार्मेसी का पब्लिकेशन 11.5 इंपैक्ट फैक्टर में रहा। जिसकी कई सारे जर्नल और पब्लिकेशन में तारीफ हुई और इसे उमदा रेफरेंस के तौर पर लिया गया। इंजीनियरिंग में इंपैक्ट फैक्टर 8.9 रहा। कार्यक्रम में रूंगटा समूह के डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डॉ. वाईएम गुप्ता, डॉ. संजीव शुक्ला, प्राचार्य डॉ. राकेश हिमते, डॉ. नीमा एस बालन, डीन आरएंडडी डॉ. रामकृष्ण राठौर, डॉ. विजय लक्ष्मी घोष और डॉ. एस भारती सहित 250 से अधिक फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।

21 दिन को चुनौती मान कर वाहन चालक करें नियमों का पालन

हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने शुरु किया फॉलो गुड हैबिट्स अभियान

भिलाई। ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर फालो गुड हेबिटस को लेकर बड़ा अभियान चलाया गया है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि वाहन चालको को वाहन चालन के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभियान के तहत 21 डे चैलेंज की जानकारी जागरूकत कार्यक्रम के माध्यम से दी गई। अभियान के तहत डीएसपी ने सीएसआईटी कॉलेज पुलगांव में पहुंचकर कालेज छात्र छात्राओं शिक्षकगण, सीआईएसएफ कैम्प सेक्टर 3 में उपस्थित जवानों,स्पर्श ऑटो मोबाईल के स्टॉफ को ट्रैफिक पुलिस ने मुहिम से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 21 दिन तक लगातार दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने से और चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट लगाते हो तो 22वें दिन से वे आपके अच्छी आदत में सुमार हो जाएगा। इसके बाद बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाते है तो आपको स्वयं असुरक्षित एवं असुविधाजनक महसूस होता है। आपके अंदर एक अच्छी आदत सुमार हो जाती है। कार्यक्रम में शामिल लोगों को डीएसपी द्वारा शराब पीकर वाहन न चलाने, मोबाईल से बात करते हुए वाहन न चलाने की अपील की है। ट्रैफिक के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा नेशनल हाईवे, सेंटर एवेन्यू मार्ग में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चालको को समझाईश देते हुए 21 दिन का चैलेंज स्वीकार करवाया गया।

ड्राइव करते समय अपने पास रखें

सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक पुलिस से बचने अपने वाहन में आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर चले। कार का पंजीकरण प्रमाणपत्र, वैद्य कार बीमा पॉलिसी प्रमाण पत्र,ड्राइवर का लाइसेंस, कार का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र, इन्हें अपने साथ लेकर चले। उक्त दस्तावेज हमेशा अपने कार व बाइक चलाते समय रखे। उक्त दस्तावेज के साथ सड़क पर चलेगें तो ट्रैफिक पुलिस आपको परेशान नहीं करेगी।

बिना सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं

बिना सीट बेल्ट के कार चलाना ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ है। सीट बेल्ट नहीं लगाकर चलाने वाले वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस भारी भरकम चलानी कर सकती है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के नियम 138(3) के तहत आगे और पीछे की सीटों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य होने के बावजूद यात्रियों पर यह नियम सख्ती से नहीं लगाया जाता है। ट्रैफिक पुलिस भी कई बार ऑख बंद कर देती है। लेकिन दुर्ग जिले में अभि ट्रैफिक पुलिस बड़ा अभियान चला रखा है।

ऐसे हेलमेट का उपयोग करें

वाहन चलाते समय व्यक्ति को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। अपनी जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। ट्रैफिक नियमों उल्लंघन से बचा जा सकता है और चालान से बचने के लिए नियम के अनुरुप की अपनी बाइक चलाए। हेलमेट आईएसआई मार्क और 20-25 मिमी की मोटाई वाला अच्छी गुणवत्ता वाला उपयोग करे। पीछे बैठने वाले के लिए एक अतिरिक्ति हेलमेट रखें। हर दो से तीन साल में हेलमेट बदलना चाहिए। हेलमेट ठीक से फिट होना चाहिए।

काव्य गोष्ठी

सरस कविताओं पर विभोर हुए ट्विनसिटी के काव्यप्रेमी

भिलाई। राष्ट्रीय मकस कहानिका पत्रिका महिला कल्याण समिति ढोरी, बोकारो झारखंड कहानिका छग अध्याय द्वारा कैलाश मोटर्स आफिस दुर्ग में संचालक कैलाश मोटर्स के सहयोग से कहानिका के संपादक नवेद रजा दुर्गवी के जन्म दिवस पर अभा कवि सममेलन और मुशायरा का आयोजन किया गया। काव्यप्रेमियों इसका आनंद लिया। इसमें कई राज्यों के कवियों और साहित्य प्रेमिया ने शिरकत की। मुख्य अतिथि पत्रिका के राष्ट्रीय प्रधान संपादक श्याम कुंवर थे । अध्यक्षता अध्यक्षता कैलाश बरमेचा ने की। विशिष्ट अतिथि कवि जुग्रेश चंद्र दास रायपुर, व्यवसायी उत्तम भंडारी और हाजी ताहिर निजाम,.नरेन्द्र वैष्णव साहित्यकार डॉ. रौनक जमाल साहब ज, दिलीप टिकरिया थे। कवि सम्मेलन का आरंभ शायर अलोक नारंग के कलाम से हुआ । स्वागत भाषण नरेन्द्र वैष्णव ने दिया। सरस्वती वंदना आद.आशा झांजी ने गाई । छतीसगढ़ महतारी गीत दिलीप कुमार ने गाया,। शायर नवेद रजा के साहित्यिक योदगान पर रौनक जमाल ने प्रकाश डाला । और राष्ट्रीय संपादक श्याम कुँवर भारती ने उद्बबोधन में आयोजन की सराहना करते हुए नई प्रतिभाओं को मंच मिलने की बात कही। नरेन्द्र वैष्णव ने नवेद रजा पर तो जुग्रेश चंद्र दास पत्नी प्रेम पर काव्य पाठ किया।

अमरईया की छांव

बगीचे में हैं 50 प्रजाति के आम

यूं तो खेल खलियान हमें गांव में ही देखने को मिलते हैं। मगर दुर्ग शहर से तीन किलोमीटर की दूरी पर चिखली में तीन एकड़ में आमों का शानदार बगीचा लगाने वाले पंकज राधेश्यम अग्रवाल का परिश्रम साफ दिखता है। अमरईया की छाव और आम के लगभग 50 प्रजातियों को देखने और स्वाद चखने दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। पंकज राधेश्यम अग्रवाल बीएसपी द्वारा आयोजित फ्लावर शो में भी अपना योगदान देते रहे हैं।

अभ्यास राजभाषा की कार्यशाला में हिन्दी पर किया फोकस

भिलाई। भिलाई फरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, द्वारा मिनी ऑडिटोरियम में कार्मिक एवं प्रशासन के महाप्रबंधक पंकज त्यागी विधि की अध्यक्षत्ता में एवं उप-निदेशक (नीति) राजेश कुमार श्रीवास्तव, नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य एवं रमेश चंद्र द्विवेदी, विभागाध्यक्ष (हिंदी), डीपीएस, दुर्ग, अनुराधा धनांक उप मंडल अभियंता (राजभाषा), भारत संचार निगम लिमिटेड, दुर्ग, रश्मि पुरोहित, कलापरंपरा, भिलाई के विशेष आतिथ्य एवं छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में राजभाषा संवैधानिक प्रावधान विषय पर अभ्यासपरख राजभाषा कार्यशाला सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर विद्यादायिनी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए एफएसएनएल के महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) विधि पंकज त्यागी ने कहा कि मौलिक अधिकार भारत के संविधान के भाग-3 (अनुच्छेद 12 से 35) वर्णित भारतीय नागरिकों को प्रदान किए गए ये अधिकार है। हमें अपने कर्तव्यों के प्रत्ति भी सजग होनी चाहिए। राजभाषा संवैधानिक प्रावधान के संबंध में सविस्तार से जानकारी प्रदान किया।

राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाषा कभी दीवार नहीं बनी, अपनी भाषा पर गर्व होनी बाहिए और अपनी विरासत पर गर्व करना चाहिए। हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें मूल रूप से काम हिंदी में करना चाहिए। सरकार सारी सुविधाएं दी जा रही है, इसका इस्तेमाल हम सभी कार्मिकों को दिल से करना चाहिए। विशेष अतिथि श्रीमती अनुराधा धनांक ने वैश्विक परिदृश्य में हिंदी विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। श्रीमती रश्मि पुरोहित ने राजभाषा हिंदी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता संविधान सम्मत कितनी हो विषय पर सटीक एवं रोचक जानकारी प्रदान किया। रमेश चंद द्विवेदी ने अपने दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग मन से होना चाहिए, उन्होंने हिंदी को सरल एवं सहज एवं सुबोध भाषा चरितार्थ करते हुए हिंदी को अपने दिल की भाषा बताया। छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी ने राजभाष संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी प्रस्तुत की।

अतिथियों का स्वागत प्रभाकर सिंह ठासुर एसके पोलू, विष्णु प्रसाद अनंत, सरोज कुमार सुनुद्धि ने किया ने फूलों का पौधा प्रदान कर किया। पंकज त्यागी, महाप्रबंधक विधि ने हिंदी लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया ।

निरीक्षण

सुपेला रेलवे अंडरब्रिज देखने पहुंचे मेयर नीरज

भिलाई। भिलाई नगर निगम महापौर नीरज पाल और जिला कांग्रेस कमेटी, भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सुपेला में निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज का सघन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महापौर नीरज पाल ने कहा कि आम नागरिकों को निर्माण कार्य के कारण किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अधिकारी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें। मुकेश चंद्राकर ने रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण से संबंधित को निर्देशित किया कि सभी शेष बचे कार्यों को त्वरित गति से पूरा करें। ताकि इसका शीघ्र लोकार्पण हो सके और आम नागरिकों को इन क्षेत्रों में सुविधाजनक यातायात का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह, एमआईसी मेंबर लक्ष्मी पति राजू , एमआईसी केशव चौबे, पार्षद सेवन एवं स्थानीय व्यपारी उपस्थित थे।

उर्स पार्क कमेटी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

काबुली बाबा के सालाना उर्स पाक को एकता उत्सव के रूप में मनाया जाएगा

कार्नर न्यूज

हर वर्ष की तरह की तरह इस वर्ष भी हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुलाह पुराना बस स्टैंड दुर्ग का सालाना उर्स पाक (एकता उत्सव) कार्यक्रम भव्य रूप से मनाने का निर्णय प्रकाश देशलहरा अध्यक्ष सालाना उर्स पाक कमेटी की अध्यक्षता में लिया गया। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि काबुली बाबा का उर्स पाक न केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं अन्य प्रांतों में प्रतिष्ठा रखता है। अनेकता में एकता, आपसी भाईचारे, प्रेम सदभाव का असीम संगम का संदेश दुर्ग शहर की जनता देती है यही हमारी धरोहर है। बैठक को कमेटी के संरक्षक अनंत यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाल सिंह भाटिया ने भी संबोधित किया।

दुर्ग। रऊफ कुरेशी जनरल सेक्रेटरी सालाना उर्स पाक कमेटी ने बताया कि 28 मई 2024को बाद नमाज मगरिब दरगाह शरीफ मे परचम कुशई कर उर्स का आगाज किया जाएगा। 29मई 2024को शाही संदल ख़ादिम ए आस्ताना के निवास जामा मस्जिद के पास से रात्रि 8:00 बजे निकल कर शहर का गस्त करता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगा जहां चादर की रस्म अदा की जाएगी व छत्तीसगढ़ में अमन शांति खुशहाली की दुआ की जाएगी। 30 मई 2024 को रात्रि 9:30 बजे रजा फायर वर्क्स कि ओर से मनमोहक आतिशबाजी पेश किए जायेंगे। रात्रि 10:00 बजे से इदरीश साबरी चिश्ती कव्वाल एंड पार्टी टीवी रेडियो सिंगर मुंबई का मुकाबला ओवैस जाहिद नाजा कव्वाल एंड पार्टी टीवी रेडियो सिंगर मुंबई। 31 मई 2024 को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल अजीम नाजा कव्वाल एंड पार्टी इंटरनेशनलआर्टिस्ट रेडियो टी वी सिंगर,मुंबई मुकाबला अनीस नवाब क़व्वाल एंड पार्टी इंटरनेशनल आर्टिस्ट अहमदाबाद के साथ होगा।

1 जून 2024 को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल जुनेद सुल्तानी कव्वाल एंड पार्टी इंटरनेशनल आर्टिस्ट दिल्ली का मुकाबला मशहूर गज़ल सिंगर मुराद आतिश कव्वाल एंड पार्टी इंटरनेशनल आर्टिस्ट बेंगलुरु के साथ होगा। 2 जून 2024 को 8:00 बजे कुल की फातिया होगी, जिस पर करतल ध्वनि से स्वागत हुआ। संदल निर्णयक मंडल के प्रभारी हाजी इसराइल शाद ने कहा है जो लोग स्मृति स्वरूप पुरस्कार संदल चादर झांकी में देना चाहे उनसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। आभार अमजद अली ने व्यक्त किया। बैठक में यूनुस पटैल,सैयद रज्जब अली अध्यक्ष दरगाह प्रबंध समिति, हाजी साजिद महिंद्रा,हाजी हनीफ भिंडसरा, अमजद अली,अहमद खान मुन्ना, हुसैन काका,शेख असलम, सरू ईरानी, नसीम फारूकी,अफसर कुरेशी, मारूफ आलम अजय शर्मा, लक्ष्मण सिन्हा,शेख अब्बास आलोक नारंग, अकबर खान, हैदर अली, इकराम कुरैशी, अतीक शेख,पासी अली, मोहम्मद अजहर कुरेशी,डॉक्टर अशफाक बेग,शेख यूनुस, असलम नाथानी, मोहम्मद सादिक,अब्दुल हफीज पप्पू भाई, कासिम, शाहनवाज खान,हाजी ताहिर निजाम, अहमद, रियाजुद्दीन साबिर खान साजिद अली इत्यादि उपस्थित थे।

धर्म दर्शन

दोपहर के समय नहीं जाना चाहिए मंदिर, धार्मिक ग्रंथों में बताए गए हैं कई कारण

हिंदू धर्म में मंदिर न केवल भगवान की आराधना करने का केंद्र हैं, बल्कि आध्यात्मिक उत्थान के लिए भी लोग मंदिरों में जाते हैं। अलग-अलग मंदिरों में जाने के कुछ नियम भी हैं, जैसे कुछ मंदिरों में रात्रि के समय नहीं जाया जाता, कुछ मंदिरों में पुरुषों को तो कुछ में महिलाओं के जाने की मनाही होती है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आपको चाहे मंदिर हो या घर का पूजा स्थल कहीं पर भी पूजा नहीं करनी चाहिए। एकांत में बैठकर मंत्र जप आप इस दौरान कर सकते हैं या फिर ईश्वर का ध्यान कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए शुभ साबित होता है। इसके साथ ही मंदिरों में दोपहर के समय जाना भी शुभ नहीं माना जाता। इसके पीछे का कारण क्या है, धार्मिक ग्रंथों में इसके बारे में क्या लिखा गया है।

दोपहर में भगवान विश्राम करते हैं : धार्मिक ग्रंथों में लिखा गया है कि, दोपहर के समय भगवान विश्राम करते हैं इसलिए भक्तों को इस दौरान मंदिरों में नहीं जाना चाहिए। इस समय मांगी गई मनोकामना ईश्वर तक नहीं पहुंचती है। यही वजह है कि हिंदू धर्म के विख्यात मंदिरों के कपाट दोपहर के वक्त बंद कर दिए जाते हैं, ताकि विश्राम कर रहे देवी-देवताओं को किसी तरह के व्यवधान का सामना न करना पड़े।

दोपहर में ऊर्जा की कमी से पूजा में नहीं लगता मन : दोपहर के समय मंदिरों में न जाने का दूसरा कारण यह है कि इस दौरान हमारा शरीर आलस्य से भरा रहता है। हम उतने ऊर्जावान नहीं होते जितने सुबह और शाम के समय रहते हैं। ऐसे में अगर हम दोपहर के समय मंदिर में प्रवेश करते हैं तो पूजा-पाठ में भी हमारा मन नहीं लगता, इसलिए भी दोपहर के समय मंदिरों में जाना सही नहीं माना जाता।

अतृप्त आत्माएं रहती हैं सक्रिय : ऐसा माना जाता है कि दोपहर के समय प्रेत, और अतृप्त आत्माएं सक्रिय रहती हैं। ये अतृप्त आत्माएं दोपहर के समय मंदिरों के आसपास विचरण करती हैं ताकि उन्हें मुक्ति का मार्ग मिल सके इसलिए दिन के वक्त मंदिर में जाना सही नहीं माना जाता।

सोना इन राशियों के लिए होता है बेहद शुभ, पहनने से पलट जाती है किस्मत

सोने के आभूषण आपके व्यक्तित्व पर चार चांद लगाते हैं। बहुत से लोग सोने से आभूषणों को पहनते भी हैं, लेकिन ज्योतिष की मानें तो हर किसी के लिए सोने के आभूषण पहनना अच्छा नहीं होता। ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसी राशियों का जिक्र मिलता है जिनके लिए सोना शुभ नहीं माना जाता जैसे- मकर और कुंभ, वहीं कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिनको सोना पहनने से बहुत लाभ प्राप्त हो सकते हैं। आज हम आपको इन्हीं राशियों के बारे में बताएंगे जो सोना पहनकर अपने भाग्य को चमका सकती हैं।

मेष राशि : मंगल के स्वामित्व वाली मेष राशि के लोगों को सोना पहनने से काफी लाभ प्राप्त हो सकते हैं। सोना पहनकर मेष राशि के लोगों का आत्मविश्वास बढ़ता है और करियर के क्षेत्र में भी इनको अच्छे परिणाम मिलते हैं। अगर मेष राशि के किसी व्यक्ति की कुंडली में सूर्य और गुरु कमजोर हैं तो उनको मजबूत करने के लिए भी सोना पहनना लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

सिंह राशि : इस राशि के लोग स्वतंत्रता के साथ जीना पसंद करते हैं लेकिन कई बार अत्यधिक स्वतंत्रता इन्हें गलत मार्ग पर ले जा सकती है। इसलिए सिंह राशि के जातकों को ध्यान केंद्रित रखने के लिए सोने के आभूषण पहनने चाहिए। सोना पहनने से सिंह राशि के जातकों की नेतृत्व क्षमता का भी विकास भी होता है।

कन्या राशि : बुध ग्रह के स्वामित्व वाली कन्या राशि के लोग कर्मठ माने जाते हैं लेकिन कई बार बहुत मेहनत करने के बाद भी जीवन में इनको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जीवन की इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए अगर ये सोना धारण कर लें तो इनको फायदा होने लगता है।

धनु राशि : इस राशि के स्वामी गुरु हैं और सोना गुरु की ही धातु मानी जाती है। इसलिए धनु राशि के लोगों को सोना पहनने से बहुत अधिक लाभ मिल सकते हैं। इस राशि वाले सोना धारण कर लें तो इनकी आभा भी बढ़ने लगती है और बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होती है।

मीन राशि : मीन राशि वाले सहज और सौम्य व्यवहार वाले माने जाते हैं। हालांकि भविष्य को लेकर भय इनके मन में हो सकता है। सोना पहनने से इनके हर प्रकार का भय दूर होता है और सही राह जीवन में मीन राशि वालों को प्राप्त होती है। इसके साथ ही सोना पहनने से मीन राशि के लोग धन से जुड़े मामलों में भी अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। सोना पहनने से इनको आध्यात्मिक गतिविधियों में भी सफलता प्राप्त हो सकती है।

इस मौसम में पेट खराब और डायरिया होना आम समस्या

बच्चे को उल्टी-दस्त होने पर क्या खिलाएं-पिलाएं और क्या नहीं, लापरवाही पड़ सकती है भारी

गर्मी इन दिनों अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। तेज धूप में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। हालांकि अभी भी कई जगह बच्चों के स्कूल या फिर समर कैंप चल रहे हैं। मई की भीषण गर्मी में बच्चों को सबसे ज्यादा उल्टी-दस्त और डायरिया की समस्या परेशान करती है। खान-पान में जरा सी गड़बड़ी होने पर बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। खासतौर से जो बच्चे बाहर का खाना ज्यादा खाते हैं उन्हें ऐसी परेशानी सबसे पहले होती है। कई बार तेज गर्मी में पानी कम पीने के कारण भी बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। अगर बच्चे को डायरिया की समस्या हो गई है तो खाने-पीने का खास ख्याल रखें। जानिए उल्टी दस्त में बच्चे को क्या खिलाना चाहिए, जिससे ज्यादा कमजोरी न आएं और बच्चा जल्दी ठीक हो जाए।

इन बातों का रखें ख्याल

गर्मियों में बच्चों को धूप और पसीने में आइसक्रीम खिलाने से बचें। तेज धूप में बच्चों को बाहर न खेलने दें। बच्चों को भरपूर पीना और लिक्विड देते रहें। बाहर का खाना और जंक फूड से दूर रखें। ज्यादा से ज्यादा फल सब्जियां खिलाएं

बच्चे को डायरिया होने पर क्या खिलाएं?

दूध वाली चीजें कम दें- बच्चे को उल्टी-दस्त होने पर दूध से बनी चीजें कम खिलाएं। खासतौर से खाली पेट दूध या दही खिलाने से बचना चाहिए। जिन बच्चों को दूध कम पचता है उन्हें इससे और परेशानी हो सकती है।

हल्का खाना खिलाएं- जब बच्चे का पेट गड़बड़ हो यानि दस्त की समस्या हो और साथ में उल्टी भी हो रही हों, तो हल्का खाना खिलाएं। एक साथ ज्यादा खाने खिलाने से बचें। एक बार में थोड़ा खाना ही खिलाएं जिसे पचाना आसान हो। घर का बना खाना ही खिलाएं। बच्चे को दही और चावल खिला सकते हैं। इसके अलावा मूंगदाल की खिचड़ी भी खिला सकते हैं।

पानी पिलाते रहें- उल्टी-दस्त में शरीर कमजोर हो जाता है। शरीर में पानी की कमी होने लगती है इसलिए खूब पानी पिलाते रहें। बच्चे को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएस का घोल पिलाएं। घर पर नमक और चीनी वाला पानी पिलाते रहें। नारियल पानी पिला सकते हैं।

खाने में इन चीजों को शामिल करें

बच्चे को दस्त और उल्टी होने पर डाइट में चावल, मूंगदाल की खिचड़ी, ओटमील, दलिया, ब्रेड, उबले हुए आलू खिला सकते हैं। इस वक्त बच्चे को दही खिलाएं। दही में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं जो पेट में गुड और बैड बैक्टीरिया के बैलेंस को बनाए रखने में मदद करते हैं।

केला खिलाएं

बच्चे को दस्त होने पर पका केला खिला सकते हैं। इससे पेट सेट हो जाता है और तुरंत एनर्जी मिलती है। हालांकि जब उल्टी दस्त कम हो जाए तभी केला खिलाना चाहिए। इस वक्त आम भूलकर भी न खिलाएं।

धूप से घर लौटने के बाद तुरंत न करें ये काम, तबीयत हो सकती है खराब

मई के महीने में गर्मी का पारा और भी बढ़ गया है तापमान के बढ़ने से लोग हीट वेव का शिकार हो रहे हैं। चिलचिलाती गर्मी में कोशिश करें कि दोपहर के समय धूप में बाहर न निकलना पड़े। अगर कामकाज के लिए निकलना पड़ रहा है तो कुछ सावधानियां ज़रूर बरतें। दरअसल, तेज चिलचिलाती धूप की वजह से बॉडी डिहाइड्रेटेड हो जाती है और शरीर तेज बुखार, चक्कर जैसी कई समस्याओं की चपेट में आ जाता है। कई बार लोग तेज धूप से घर लौटने के बाद ऐसी गलती कर देते हैं जिस वजह से उनकी सेहत पर बन आती है। चलिए हम आपको बताते हैं जब आप दोपहर में घर आएं तो आपको क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

तुरंत एसी ऑन न करें: अगर आप तेज धूप से घर लौट रहे हैं तो कमरे या हॉल का एसी तुरंत चालू न करें। बाहर से आने के बाद गर्मी बहुत ज़्यादा लगती है लेकिन आप पंखे की हवा में बैठें। एक बार जब बॉडी का टेम्प्रेचर नॉर्मल हो जाए और शरीर से पसीना सूख जाए तो तब एसी चालू करें।



तुरंत ठंडा पानी न पिएं

बाहर से आने के बाद ज़्यादातर लोग तुरंत फ्रिज की तरफ दौड़ते हैं ताकि ठंडा पानी पीकर गर्मी की तपिश को कम किया जाए। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इससे आपको बुखार हो सकता है, गला खराब हो सकता है और आपको सर्दी-खांसी की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में धूप से घर आने के बाद थोड़े देर बैठें और फिर सामान्य तापमान का पानी पिएं। इससे बीमार पड़ने की सम्भावना कम हो जाएगी।

तुरंत नहाने से बचें

बाहर से आने के बाद हमे गर्मी इतनी ज़्यादा लगती है कि हम तुरंत नहाने चले जाते हैं। क्या आप जानते हैं आपकी ये आदत आपको बहुत बीमार कर सकती है। इससे हीटस्ट्रोक का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

लू से बचाव के लिए ये तरीके आज़माएं

अगर आपको धूप में निकलना पड़ रहा है तो चश्मा और स्कार्फ पहनकर ही निकलें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए हमेशा अपने पास पानी का बॉटल रखें। गर्मियों में पानी से भरपूर फलों का सेवन करें। गर्मी में ज्यादा ऑयली, तला-भुना खाने से बचें।

खाने के बाद गैस और एसिडिटी से जलने लगे सीना तो आज़माएं ये घरेलू उपाय

अगर आप डिनर 8 बजे के बाद करते हैं तो आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का समाना करना पड़ सकता है। खासकर लोगों के पाचन तंत्र पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ता है। दरअसल, कई बार ऐसा होता है कि रात में खाना खाने के बाद लोगों को गैस और एसिडिटी की वजह से खट्टी डकार आने लगती है और सीने में जलन होने लगता है। एसिडिटी की वजह से लोगों को पेट फूलना, सीने और पेट में जलन जैसी शिकायत होती है। ऐसे में लोग बेहद परेशान हो जाते हैं। अगर आपको भी यह परेशानी ट्रिगर करती है तो तुरंत आराम पाने के लिए आप ये घरेलू नुस्खें ज़रूर आज़माएं।

इन घरेलू नुस्खों का करें इस्तेमाल:

सौंफ का पानी पिएं: अगर खाना खाने के बाद आपको गैस और सीने में जलन होने लगे तो आप तुरंत सौंफ का पानी पीएं। आपने देखा होगा बेहतर पाचन के लिए लोग खाना खाने के बाद सौंफ चबाकर खाते हैं ताकि पाचन सही से हो। सौंफ आपके पेट में ठंडक प्रदान कर एसिडिटी को कम करता है।

पानी में जीरा डालकर उबालें व पिएं : जीरे गैस और एसिडिटी में काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तेल लार ग्रंथियों को उत्तेजित कर पाचन को बेहतर करता है। एक गिलास पानी में चम्मच जीरा डालें और उसे उबालें। जब पानी उबाल जाए तब इस पानी को छानकर पियें इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा।

भुना हुआ अजवाइन खाकर पिएं पानी

गैस की जलन को दूर करने में अजवाइन बेहद फायदेमंद है। अगर आपको अक्सर एसिडिटी या गैस की दिक्कत होती है तो रात को सोने से पहले 1 चम्मच भुना हुआ अजवाइन खाकर एक गिलास गुनगुना पानी पिएं। ऐसा करने से आपको तुरंत आराम मिलेगा। साथ ही कुछ ही दिनों में आपका हाज़मा सही होगा।

अदरक है फायदेमंद

एंटी इफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर अदरक भी गैस एसिडिटी की समस्या ऐ आपको राहत दिलाता है। अदरक के छोटे छूटे टुकड़े कर आप उसे खाएं इससे आपको सीने में होने वाली जैम से तुरंत आराम मिलेगा।

इन 4 राशियों के लोग होते हैं बेहद शर्मीले, खुलकर नहीं कह पाते अपनी बात

राशिचक्र में 12 राशियां हैं और हर राशि का अपना गुणधर्म होता है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे उन राशियों के बारे में जिनको शर्मीले स्वभाव का माना जाता है। इन राशियों के लोग अपनी बातों को दूसरों के सामने रखने में कतराते हैं। हालांकि चुप रहकर ये दूसरों का भरोसा अवश्य जीत सकते हैं। आइए जानते हैं कौन सी हैं ये राशियां।

कर्क राशि : सौम्य ग्रह चंद्रमा के स्वामित्व वाली लोग स्वभाव से बहुत शर्मीले होते हैं। खासकर जब ये अनजान लोगों से मिलते हैं तो आसानी से उनसे घुलमिल नहीं पाते। सामाजिक स्तर पर इस वजह से इनको परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। हालांकि ये अच्छे श्रोता होते हैं और इसलिए लोग इन पर भरोसा बहुत अधिक करते हैं। इनका कम बोलना, या अपनी बात दूसरे के सामने न रख पाने का एक कारण इनका संवेदनशील होना भी है, कुछ भी बोलने से पहले इनके दिमाग में ये बात चल रही होती है कि बातों का सामने वाले पर क्या असर पड़ेगा।

कन्या राशि : बुध के स्वामित्व वाली कन्या राशि के लोग काफी शांत स्वभाव के माने जाते हैं। इनकी बुद्धि बहुत तीव्र होती है लेकिन लोगों के बीच जाकर ये असहज महसूस कर सकते हैं। अक्सर इन लोगों को एकांत में समय बिताना पसंद होता है क्योंकि ऐसी स्थिति में इन्हें किसी से बात नहीं करनी पड़ती। हालांकि समय आने पर जब ये बोलते हैं तो इनकी बात पर हर कोई गौर करता है। कम बोलने के कारण इनकी बात का वजन बढ़ जाता है।

वृश्चिक राशि : रहस्यमयी राशि वृश्चिक के जातक भी समाज के बीच जाकर अक्सर चुप रहना ही पसंद करते हैं। इन लोगों को दूसरों से थोड़ी इनसिक्योरिटी भी हो सकती है। यानि इनको लगता है कि जो ये कहेंगे उस बात का गलत मतलब निकाला जा सकता है, इसीलिए अक्सर सामाजिक स्तर पर ये लोग चुप रहना ही पसंद करते हैं। लेकिन जिन लोगों पर ये भरोसा करते हैं उनके सामने खुलकर बातें करने में इनको कोई झिझक नहीं होती।

मकर राशि : शनि के स्वामित्व वाली मकर राशि के लोग शर्मीले स्वभाव के होते हैं। इनको दूसरों से घुलने-मिलने में काफी समय लग सकता है। लेकिन एक बार अगर ये किसी के साथ दोस्ती गहरी कर लें तो खुलकर अपनी बातों को रखते हैं। इनकी चुप रहने की खूबी दूसरों को सही तरह से समझने में इनकी मदद करती है। हालांकि कई बार लोग इनकी चुप्पी का गलत मतलब भी निकाल सकते हैं।

इन 4 राशियों के अलावा मीन राशि के जातकों को भी शर्मीले स्वभाव का माना जात है। मीन राशि वाले यूं तो काफी रचनात्मक होते हैं लेकिन, जब अपनी रचनात्मकता औरों के सामने दिखाने का वक्त आता है तो ये थोड़े झिझक सकते हैं। अजनबी लोगों पर ये राशि भी आसानी से भरोसा नहीं करती।

कार्नर न्यूज

सनग्लास समय के साथ-साथ यह एक फैशन स्टेटमेंट के तौर पर बनकर उभरा है

धूप के चश्मे खरीदने से पहले जरूर ध्यान रखें कुछ बातें, नहीं तो आंखें हो सकती हैं खराब!

गर्मी का मौसम आ चुका है ऐसे में तेज धूप से बचने के लिए सनग्लास का पहनते हैं। सनग्लास यानी धूप का चश्मा पहनने से आंख पर तेज सनलाइट नहीं पड़ती जिससे आप धूप में भी आसानी से देख सकते हैं। यह सूरज की आंखों को पराबैंगनी (यूवी) किरणों से और तेज रोशनी को आपकी आंखों तक सीधे पहुंचने से और बचाता है। यूवीए और विशेष रूप से यूवीबी वाली यूवी किरणें आंख की सतह के टिश्यूज, कॉर्निया और लेंस को नुकसान पहुंचाती हैं जिससे समय के साथ आंख और नजर संबंधिक कई समस्याएं हो सकती हैं। मार्केट में आजकल कई तरह के सनग्लास उपलब्ध हैं। समय के साथ-साथ यह एक फैशन स्टेटमेंट के तौर पर बनकर उभरा है। कई लोग मार्केट में कोई भी गहरे रंग का सनग्लास खरीद लेते हैं लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी के अनुसार, कोई भी सनग्लास लेने से पहले कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए।

पोलाराइज लेंस सिर्फ कम करते हैं चमक

पोलाराइज लेंस पानी या सड़कों जैसी परावर्तक सतहों से रिफ्लेक्ट होने वाली चमक को कम करने के लिए बनाए जाते हैं। वे यूवी प्रोटेक्शन नहीं देते हैं इसलिए यह बिल्कुल न सोचें कि पोलाराइज लेंस से आप यूवी किरणों से बच सकते हैं। इसके लिए आप मार्केट से यूवी प्रोटेक्शन वाले पोलाराइज लेंस वाले सनग्लास ले सकते हैं।

सस्ते चश्मे खरीदने से बचें

लोग मार्केट से सस्ते चश्मे खरीद लेते हैं। दरअसल, ऐसे सनग्लास में सिर्फ गहरे रंग के कांच या प्लास्टिक के लेंस लगे होते हैं जो किसी भी प्रकार से यूवी किरणों से नहीं बचाते। इसलिए हमेशा अच्छी जगह से 100 प्रतिशत सनग्लास प्रोटेक्शन वाले चश्मे ही खरीदें।

गहरे रंग का मतलब नहीं

धूप के चश्मे लेते समय उसके कलर पर न जाएं। गहरे रंग के चश्मे का मतलब ये नहीं होता कि चश्मा जितना गहरा होगा, वह आपकी आंखों के लिए उतना ही सुरक्षित होगा। केवल 100 प्रतिशत यूवी प्रोटेक्शन वाले सनग्लास ही यूवी किरणों से बचाते हैं बाकी चश्मों के लिए किए जाने वाले दावे खोखले ही साबित होते हैं।

लेंस की क्वालिटी

गैर-प्रिस्क्रिप्शन वाले सनग्लास लेने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे सनग्लास पहनकर कोई फ्लैट जगह पर जाएं और देखें कि फर्श आपको ऊंचा-नीचा तो नहीं दिख रहा है। दोनों लेंस एक जैसे हैं न कि एक का कलर डार्क और एक का लाइट।

सनग्लास का साइज

आपको धूप से बचाने के लिए आपको बड़े साइज के सनग्लास लगाना जरूरी है ताकि सूरज से निकलने वाली यूवी किरणें आपकी आंखों में जाने से बच पाएं।

रंग कोई मायने नहीं रखता रंगीन लेंस (जैसे एम्बर या ग्रे) वाले सनग्लास धूप को उतना नहीं रोक पाते। हालांकि ब्राउन या गुलाबी रंग का लेंस अधिक कंट्रास्ट रोशनी देता है। सनग्लास लेंस पर मिरर फिनिश की परत होते हैं जो रोशनी को आंख में जाने से रोकती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह पूरी तरह से आपकी आंखों को यूवी लाइट से बचाती हैं इसलिए सनग्लास का कलर न देखते हुए, पूरी तरह यूवी लाइट्स को रोकने वाले सनग्लास खरीदें।

फिल्म इवेंट

बॉलीवुड

मनीषा कोइराला इस सीन के लिए 12 घंटे रही थीं पानी के अंदर

मुंबई। संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' की स्टार कास्ट इन दिनों किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई है। वहीं 53 साल की मनीषा कोइराला ने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में खुलासा किया कि उन्होंने 'हीरामंडी' के एक सीन के लिए 12 घंटे पानी में रहना पड़ा था। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कैसे ये खतरनाक सीन शूट किया गया था। मनीषा ने फव्वारा सीक्वेंस के बारे में बात करते हुए बताया कि इस सीन को शूट करने में लगभग 12 घंटे लगे थे। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान वह बहुत थक गई थीं। मनीषा ने लिखा,'फव्वारा सीन मेरे लिए बहुत मुश्किल सीन साबित हुआ। इसके लिए मुझे 12 घंटे से ज्यादा समय तक पानी के फव्वारे में डूबे रहना पड़ा। हालांकि संजय ने सोच-समझकर मुझे ये सीन करने को दिया था उन्होंने पहले ही पानी को गर्म और साफ करा दिया था, लेकिन कुछ ही घंटों में पानी गंदा हो गया। मेरे शरीर का एक-एक रोम उस गंदे पानी में भीग गया था। भले ही शूटिंग के लास्ट तक मैं थक चुकी थी, फिर भी मुझे दिल से खुशी महसूस हो रही थी। मेरे शरीर ने हर कष्ट सह लिया। मुझे पता था कि मैंने एक बहुत ही मुश्किल परीक्षा पास कर ली है।

भोजपुरी

वैजयंती माला के पुराने गाने पर नए अंदाज में मोनालिसा ने बिखेरा जलवा

नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों की मशहूर ऐक्ट्रेस मोनालिसा उर्फ अंतरा बिस्वास अपने हॉट अंदाज के लिए जानी जाती हैं। खास बात ये है कि मोनालिसा ने अपने दम पर भोजपुरी फिल्मों के अलावा हिंदी, बंगाली, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और उड़िया जैसी भाषाओं की फिल्मों में भी खूब नाम कमाया है। वही अपनी एक्टिंग के साथ-साथ मोनालिसा डांस और अपनी अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं। जी हां, हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टा पर अपना एक डांस वीडियो शेयर किया है, जो सोशल मीडिया पर खूब पंसद किया जा रहा है। इस वीडियो में मोनालिसा गुजरे जमाने की एक्ट्रेस वैजयंती माला के पॉपुलर गाने 'होठों पे ऐसी बात मैं दबा के चली आई' पर डांस करती नजर आ रही हैं। पुराने गाने को एक्ट्रेस ने अपने अंदाज में पेश किया है, जो कि लोगों को खूब पसंद आ रहा है। वैसे तो मोनालिसा अच्छी डांसर हैं ही लेकिन इस गाने पर उनके स्टेप्स तो और चार चांद लगा रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस का ये अंदाज देख लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फिलहाल मोनालिसा का ये डांस वीडियो सोशल मीडिया पर गर्दा उड़ा रहा है।

बता दें कि मोनालिसा अब भोजपुरी फिल्मों में कम ही दिखाई देती हैं। 2018 के बाद से वो किसी भोजपुरी फिल्म में नहीं दिखी हैं। हालांकि वो इन दिनों टीवी शोज में एक्टिव हैं। फिलहाल वो 'माता की महिमा' नाम के शो में नजर आ रही हैं।

मॉलीवुड

'2018 एवरीवन इज ए हीरो' ने तोड़े कई मॉलीवुड बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड

नई दिल्ली। अवॉर्ड विनर डायरेक्टर जूड एंथनी जोसेफ के द्वारा डायरेक्ट मलयालम मूवी '2018 एवरीवन इज ए हीरो को दर्शकों ने काफी पसंद किया। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर तेजी के साथ आगे बढ़ी। 'द केरला स्टोरी के सामने फिल्म काफी ज्यादा पसंद की जा रही है। मलयालम फिल्म बिजनेस से जुड़े हुए तमाम लोग इस मूवी को केरल की असली स्टोरी बता रहे हैं। '2018 एवरीवन इज ए हीरो' की स्टोरी साल 2018 में केरल में आई बाढ़ पर बेस है। मूवी में बाढ़ के सामने इन्सानियत की जीत को बहुत ही बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। केरल में आई बाढ़ ने कुछ हिस्सों को बुरी तरह से तबाह कर दिया था। इस मूवी ने 2021 की सुपरहीरो फिल्म 'मिन्नल मुरली' के बाद नेशनल लेवल पर दर्शकों का ध्यान खीचने वाली दूसरी टोविनो प्रोजेक्ट फिल्म बन गई है। इसके साथ मूवी ने 2019 में आई 'वायरस' की यादों को भी ताजा किया है। टोविनो ने 2018 में बाढ़ राहत के लिए अपनी मर्जी से लोगो की हेल्प की थी। फिल्म में वह एक ऐसे यंगस्टर के रोल में है, जो एक नकली मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ भारतीय सेना को छोड़ देता है। इसके साथ बाढ़ के दौरान खुद को छुड़ाने में कामयाब रहता है। मूवी में मुख्य तौर पर आसिफ अली, कुंचाको बोबन, लाल और नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस अपर्णा बालमुरली ने एक टीवी रिपोर्टर का रोल किया है। 5 मई को रिलीज हुई '2018 एवरीवन इज ए हीरो' ने नौवें दिन अकेले केरल में ही लगभग 5.18 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है, जो कि मॉलीवुड हिस्ट्री में बड़ा रिकॉर्ड है। इससे पहले मूवी 80 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुक है। अब ये मूवी 100 करोड़ के आंकड़े के पास आ रही है।

लाइफ स्टाइल

ट्रेडिशनल आउटफिट में दिखना है ग्लैमरस

'रॉकस्टार' गर्ल नरगिस फाखरी फैशन के नए मानक स्थापित करने में कभी असफल नहीं होती हैं। डीवा एक परफेक्शनिस्ट की तरह वेस्टर्न आउटफिट में कहर ढाती हैं। इसी कड़ी में उनका लुक भी काफी पसंद किया जा रहा है। नरगिस फाखरी इस खूबसूरत पोशाक में ड्रीमी और सुंदर लग रही हैं, जो मोतियों की मदद से जटिल रूप से बुनी गई है। प्लंजिंग नेकलाइन और ड्रामाटिक स्लीव्स के साथ एक्ट्रेस के पूरे लुक में चार चांद लग गया है। उन्होंने सिंपल लेकिन स्टेटमेंट एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को बेहतर बनाया। नरगिस फाखरी इस खूबसूरत पोशाक में ड्रीमी और सुंदर लग रही हैं, जो मोतियों की मदद से जटिल रूप से बुनी गई है। प्लंजिंग नेकलाइन और ड्रामाटिक स्लीव्स के साथ एक्ट्रेस के पूरे लुक में चार चांद लग गया है। उन्होंने सिंपल लेकिन स्टेटमेंट एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को बेहतर बनाया।

फेयरवेल पार्टी में दिखना चाहती हैं सबसे हसीन, पहनें लेटेस्ट ऑउटफिट

मई-जून का महीना छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी करने का समय होता है। फेयरवेल पार्टी का दिन सभी छात्रों की जिंदगी का बेहद खास और यादगार दिन होता है। इन पार्टियों में सभी लड़कियां सबसे अलग और सुंदर दिखना चाहती हैं। ऐसे में खुद को बेहद खूबसूरत दिखाने के लिए आप साड़ी, अनारकली सूट और जंपसूट जैसे पारंपरिक कपड़े पहन सकती हैं। इस साल फेयरवेल पार्टी में शानदार दिखने के लिए अपनाएं ये फैशन टिप्स।

ऑर्गेंजा साड़ी : गर्मी में भारी कपड़ों से बानी साड़ी पहनना एक मुश्किल काम होता है, क्योंकि उनमें पसीना आता रहता है। ऐसे में इस मौसम के अनुकूल खूबसूरत साड़ी का विकल्प है ऑर्गेंजा साड़ी। आप इस पर वी-नेक, बोट-नेक या स्वीट हार्ट नेक वाला ब्लाउज और मोती वाले जेवर पहनें। यह टिशू या ऑर्गेंजा कपड़े से बनी होती है, जो बेहद पतला और हवादार होता है। ऑर्गेंजा साड़ी कई तरह के फूलों वाले और अन्य सुंदर प्रिंट में मिलती है।

शरारा सूट : अगर आप सभी लड़कियों की तरह साड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो शरारा सूट को अपनाएं। महिलाओं के बीच बीते कुछ सालों से ये सूट बेहद मशहूर है। वैसे तो शरारा सूट कई अलग-अलग किस्म में मिलता है, लेकिन इनमें से सबसे खूबसूरत लगता है शार्ट कुर्ती वाला शरारा। आप किसी हल्के रंग का स्लीवलेस शरारा पहनकर उसपर बड़े झुमके और जूतियां पहनें। गर्मी के मौसम में रहने वाला है इन फैशन ट्रेंड्स का बोल बाला।

जंपसूट : अगर आप अपनी फेयरवेल पार्टी में कुछ इंडो-वेस्टर्न पहनना चाहती हैं तो जंपसूट को चुनें। पारंपरिक कढ़ाई वाला जंपसूट पहनें और उसके ऊपर से सुंदर सी एम्ब्रोइडरी वाली कोटी स्टाइल करें। आप इस ऑउटफिट पर अपने बालों का जूड़ा बनाएं और चोकर वाला हार पहनें। आप जंपसूट पहनकर आरामदायक महसूस करेंगी और आसानी से नाच भी सकेंगी।

अनारकली सूट : एक बार फिर अनारकली सूट महिलाओं के फैशन रुझानों में शानदार वापसी कर रहा है। गोल गले और सुंदर कढ़ाई वाला अनारकली सूट पहनें और उसपर बड़े ऑक्सीडाइज्ड झुमके स्टाइल करें। इन दिनों लैवेंडर, सफेद, नारंगी और पीच रंग के सूट बेहद चलन में हैं। इस ऑउटफिट के साथ लंबी हील्स पहनें और बालों को खुला रखें। इसे पहनकर आप आरामदायक और शाही महसूस करेंगी।

सैटिन ड्रेस : अगर आप उन लड़कियों में से हैं, जिन्हें पारंपरिक कपड़े पहनना कम पसंद होता है तो आप सैटिन ड्रेस पहन सकती हैं। आप लाल, नीले, हरे और काले रंगों में से चुनकर सैटिन ड्रेस पहनें। इस पर बालों को खुला रखें और बेहद पतली सोने की चेन पहनें।

चाहती हैं सुंदर और घनी पलकें तो सोने से पहले अपनाएं आसान उपाय, नकली आईलैशेस की नहीं पड़ेगी जरूरत

हर महिला का सपना होता है कि उनकी पलकें लंबी और घनी हों। हो भी क्यों ना, आखिर लंबी और झिलमिलाती पलकें आपके चेहरे में एक अलग चार्म जो जोड़ देती हैं। यही वजह है कि किसी शादी या बड़े इवेंट में जाने से पहले आजकल महिलाएं अपनी आंखों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए नकली आईलैशेस का सहारा ले रही हैं। इसके अलावा आजकल कई आर्टिफीशियल ट्रीटमेंट मौजूद हैं जिनके जरिए पलकें मोटी, लंबी और घनी की जाती हैं। हालांकि, ये तमाम तरह के ट्रीटमेंट अधिक समय तक नहीं रुक पाते हैं, साथ ही कई बार इनके आंखों पर साइड इफेक्ट भी देखे गए हैं। ऐसे में अगर आप भी अपनी पलकों को घना और लंबा बनाना चाहती हैं, तो इन तरीकों की मदद से आप बिना किसी साइड इफेक्ट के बेहद आसानी से लॉन्ग आईलैशेस के अपने सपने को पूरा कर पाएंगी।



ग्रीन टी दिखाएगी कमाल

स्टाइलक्रेज के मुताबिक, ग्रीन टी में भरपूर मात्रा में पॉलीफेनॉल पाया जाता है, जो बालों की ग्रोथ में असरदार साबित होता है। इसके लिए आप रात में सोने से पहले ग्रीन टी को ठंडा करके उंगलियों की मदद से अपनी पलकों पर लगा सकती हैं। नियमित तौर पर ऐसा करने से कुछ ही समय में अपनी पलकें लंबी और घनी हो जाएंगी। इसके अलावा आप ग्रीन टी का सेवन भी कर सकती हैं। इससे ये पलकों के साथ-साथ आपके सिर के बाल बढ़ाने में भी कारगर साबित होगी।

अरंडी का तेल करेगा मदद : पलकों की ग्रोथ के लिए अरंडी का तेल सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। कैस्टर ऑयल में रिकिनोइलिक एसिड पाया जाता है, जिसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं।

एलोवेरा जेल और विटामिन-ई

एलोवेरा जेल में विटामिन-ई ऑयल को मिक्स करने से आपकी पलकों के बाल घने भी हो जाएंगे और मोटे भी लगने लगेंगे। एलोवेरा जेल आपकी पलकों को मुलायम बनाता है, तो वहीं विटामिन-ई बालों के झड़ने की समस्या को रोकने का काम करता है। ऐसे में ये दोनों ही पलकों की ग्रोथ के लिए असरदार माने जाते हैं।

नारियल का तेल

नारियल के तेल में लॉरिक एसिड उच्च मात्रा में पाया जाता है, ये पलकों को पोषण देने का काम करता है। इसके अलावा नारियल के तेल में मॉइस्चराइजिंग गुण भी होते हैं जो पलकों को टूटने से रोक सकते हैं। आप इसे कॉटन की मदद से पलकों पर लगा सकते हैं। रात भर तेल को लगा रहने दें और सुबह इसे धो लें। इसके भी आपकी पलकें लंबी और घनी हो जाएंगी।

शादी के सीजन में रहेगा इन रंगों का बोलबाला, दुल्हन करें इनका चयन

शादियों का सीजन आते ही फैशन जगत में भी कई बदलाव आते हैं। हर सीजन के अनुसार नए तरह का स्टाइल, चलन और रंग आते हैं। इस सीजन के सबसे पसंदीदा रंगों में हल्के रंगों के साथ-साथ गाढ़े-चटक रंग भी शामिल हैं। गर्मियों के मौसम के हिसाब से प्रसिद्ध रंग आपकी शादी की वॉर्डरोब को प्रभावित करने और आपको स्टाइलिश दिखाने में मदद करेंगे। इन रंगों के चुनाव और फैशन टिप्स से आप सबसे खूबसूरत दिखेंगी।

शादी सीजन के लिए आइवरी और बेज रंग : आइवरी और बेज रंग के विभिन्न शेड 2024 में शादी सीजन के लिए सबसे अच्छे रहेंगे। दुल्हन के फैशन में यह पहली पसंद हो सकते हैं। ये जीवंत और हल्के रंग आपको सुंदर के साथ-साथ एलिगेंट भी दिखाते हैं। आप आइवरी और बेज के किसी भी टोन का लहंगा अपने संगीत या रात के फंक्शन में भी पहन सकती हैं। इन रंगों की शेरवानी दूल्हों पर भी जंचेगी।

बोल्ड दिखने के लिए सुर्ख लाल और गुलाबी

भारत की संस्कृति में लाल रंग का खास महत्त्व है। यह रंग सदियों से शादियों के लिए पारंपरिक पसंद रहा है। इस साल भी सुर्ख लाल और गाढ़ा गुलाबी रंग शादी सीजन में खूब जंचेगा। ये दोनों रंग जुनून और उत्सव की भावना को दर्शाते हैं। अगर आप लाल या गुलाबी रंग का लहंगा अपनी शादी में पहनती हैं तो आप बेहद ही रॉयल और बोल्ड नजर आएंगी।

इंडियन आउटफिट में चार चांद लगा देंगे ये तरीके, ईयरिंग्स सिलेक्ट करने में करेंगे मदद

कोई भी लुक, चाहे वह ट्रेडिशनल हो या मॉडर्न, तभी कंपलीट लगता है जब उसके साथ मैच करती हुईं एसेसरीज को उसके साथ पेयर किया जाए। किसी भी ड्रेस के साथ एसेसरीज पहनने से ओवरऑल लुक में चार चांद लग जाते हैं, अब चाहे वह झुमके हों या चंकी ईयररिंग्स।

ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ ईयररिंग्स काफी अच्छे लगते हैं। न केवल वे चेहरे की सुंदरता को बढ़ाते हैं, बल्कि ओवरऑल लुक को भी बढ़ा देते हैं। एथनिक फिट के साथ लड़कियों और महिलाओं को ईयररिंग्स चुनना कुछ मुश्किल हो सकता है। इसलिए आज कुछ ऐसे तरीके हैं जो ईयरिंग्स सिलेक्ट करने में मदद करेंगे।



आउटफिट से मैच करें : अपने एथनिक आउटफिट के लिए ईयररिंग्स सिलेक्ट करते समय अगर आप इस बात का ख्याल रखेंगी तो आपके लुक में चार चांद लग ही जाएंगे। इसके लिए अपने आउटफिट के कलर से मैच करते हुए ईयररिंग्स पहनें और फिर देखें अपना लुक।

ट्रेडिशनल लुक में झुमके काफी सटीक : ट्रेडिशनल लुक में झुमके काफी सटीक बैठते हैं लेकिन इसके लिए आपको यह देखना होगा कि आप उन्हें किस ओकेजन पर पहन रही हैं। कई मौकों पर कानों की छोटी-छोटी बालियां अच्छी लगती हैं और कई मौकों पर बड़े झुमके। उदाहरण के लिए शादी में आप हैवी झुमके पहन सकती हैं और किसी नॉर्मल गेट-टु-गैदर पार्टी में ईयरिंग्स या टॉप्स।

नेकलाइन देखें : आपके ईयरिंग्स को सिलेक्ट करते समय आउटफिट की नेकलाइन को जरूर देखें। यह आपके लुक को और निखार देगी। जैसे यदि आप डीप नेकलाइन या ऑफ-शोल्डर ब्लाउज पहन रही हैं तो स्टेटमेंट ईयररिंग्स पहनें।

कार्नर न्यूज

कुशन कवर, दुपट्टा या क्लॉथ बैग कर सकती हैं तैयार

पुरानी साड़ियों को फेंकें नहीं, इन तरीकों से करें दोबारा इस्तेमाल

साड़ी महिलाओं की सुंदरता में चार चांद लगाती है. हर भारतीय महिला की अलमारी में आपको कई तरह की साड़ियों का ढेर मिल जाएगा। इनमें से कुछ साड़ियां तो प्लेन और रोजाना पहनने वाली होती हैं लेकिन कुछ साड़ियां काफी हैवी और खास मौकों पर पहनने के लिए होती हैं। इन सबके बावजूद कुछ साड़ियां ऐसी भी होती हैं जिन्हें किसी ना किसी कारणवश कभी नहीं पहना जाता क्योंकि या तो उनका प्रिंट आपको पसंद नहीं आता या कलर कई बार इस तरह की साड़ियों को महिलाएं या तो सालों साल अलमारी में रखती हैं या किसी को दे देती हैं। तो अगर आपके पास भी कुछ ऐसी ही साड़ियां रखी हुई है तो आप उन्हें कुछ अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं और दोबारा पहन सकती हैं।

अपनी पुरानी साड़ी को इन तरीकों से करें रियूज

एथनिक सूट- आज पुरानी साड़ी से अपने लिए स्ट्रेट, ए-लाइन या अनारकली सूट बनवा सकती हैं। अगर आपके पास रखी हुई साड़ी बनारसी, कांचीपुरम या सिल्क है तो इनका बना हुआ सूट काफी सुंदर लगता है।

दुप्पटा- अगर आपके पास जॉर्जेट या शिफॉन साड़ी की है तो आप इससे शरारा या दुपट्टा बना सकती है, जिसे आप कुर्ती के साथ ले सकती हैं।

कुशन कवर- अगर बनारसी साड़ी है, तो फिर आप पूरी लंबाई वाले बॉर्डर को काटकर निकाल लें और इसे शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी पर लगा लें। जो बच गया है, उससे आप कुशन कवर, दुपट्टा या क्लॉथ बैग तैयार कर सकती हैं।

फ्लेयर्ड स्कर्ट- अगर आपके पास ब्रोकेड या चंदेरी सिल्क की साड़ी पड़ी है और आप इसे किसी को देना नहीं चाहते तो इससे आप फ्लेयर्ड स्कर्ट बना सकते हैं। परफेक्ट इंडो-वेस्टर्न लुक के लिए इसे आप प्लेन टॉप या फॉर्मल शर्ट के साथ पहनें।

ट्यूनिक और टॉप- 6 मीटर लंबी साड़ी से आप आसानी से अपने लिए ट्यूनिक या टॉप आसानी से बना सकते हैं। अगर आपके पास बांधनी, ब्लॉक प्रिंट या बाटिक की साड़ी है तो इससे आप काफी खूबसूरत टॉप या शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं और जींस या पैंट के साथ पहन सकती हैं।

पोटली बैग- पुरानी साड़ी से आप अपने लिए खूबसूरत पोटली बैग भी बना सकती हैं। अगर आपके पास कोई हैवी साड़ी रखी हुई है तो इससे आसानी से आपका पोटली बैग बन जाएगा। जिसे आप फेस्टिव सीजन में इस्तेमाल कर सकती हैं।

आप दो अलग साड़ियों को आधे-आधे हिस्से में काटकर इस्तेमाल में ला सकती हैं या दो कंट्रास्ट दुपट्टों को इस्तेमाल में ला सकती हैं। उन्हें साड़ी की तरह लपेट लें, बेहतर लुक के लिए इनके साथ कुछ इंट्रेस्टिंग ज्वेलरी पहन सकती हैं